दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — कोरोना वायरस : संक्रमण से बचने...
4 अभिव्यक्ति — बेरोजगारी अब जिंदगी छिनने लगी!...
9 मनोरंजन/व्यापार — बिजनसवुमन बन गईं ऐक्ट्रेस सामंथा...
11 खेल — इतिहास बनाने उतरेगी टीम इंडिया...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 29 जनवरी 2020, माघ शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-345 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

सीएम भूपेश के सुझाव और मांगों में कई पर शाह की हां...

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सेंट्रल जोन काउंसिल की बैठक तीन घंटे चली। मेजबान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के अलावे कुछ राज्यों के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद थे।

इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर केंद्र सरकार ने सहमति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में बताया कि गृहमंत्री ने कुछ मांगों पर सैद्धान्तिक सहमति दी है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर के लंबित विकास के लिए रोका गया पैकेज मांगा

नक्सल क्षेत्र के विकास के लिए 11443 करोड़ के लंबित पैकेज का भी मुद्दा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया। वहीं प्रदेश में एथेनॉल प्लांट लगाने की बात भी मुख्यमंत्री ने बैठक में रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चावल की अधिकता की वजह से प्रदेश में एथनॉल का प्लांट लगाया जा सकता है।

इंटर विलेज कनेक्टिविटी, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बिलासपुर हवाई सेवा पर हामी

झीरम मामले में एनआईए से केस डायरी वाले मसले पर अमित शाह मौन रहे

सीएम ने काउंसिल के मेंबर्स को लेकर भी रखा सुझाव

मुख्यमंत्री ने इस दौरान सेंट्रल जोन काउंसिल के मेंबरों को लेकर एक सुझाव केंद्र के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि काउंसिल में चार राज्यों में से उत्तराखंड के साथ छत्तीसगढ़ का कोई संबंध नहीं है, ऐसे में काउंसिल में उनके रहने का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने मांग की है कि प्रदेश की सीमा से लगने वाले 7 राज्यों की काउंसिल में ही छत्तीसगढ़ को रखा जाये, ताकि नक्सलवाद व अन्य सीमा संबंधी मसलों पर चर्चा हो सके।

बस्तर के ग्रामीणों का मुद्दा भी उठाया

मुख्यमंत्री ने इस दौरान उन 600 गांवों के 1 लाख से ज्यादा बस्तर के ग्रामीणों का भी मुद्दा उठाया, जो नक्सल भय की वजह से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बस गये हैं और वहां उनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। वहीं किसान सम्मान निधि का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शाह बोले, संघीय ढांचे के लिए ये बैठक बेहद अहम

संघीय ढांचे के लिए ये बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। इसकी कल्पना ही इसलिए की गई है कि राज्य के छोटे-बड़े मुद्दों के साथ राज्यों के आपस के समन्वय को बेहतर बनाया जा सके। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार क्षेत्रीय परिषद की बैठक को नियमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि इसके अच्छे नतीजे सामने आएंगे। राज्यों के मुद्दों के अलावा केंद्र के भी मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर विकास की नई दिशा तय करना चाहती है। हमारी दिशा केंद्र की राज्य के साथ बेहतर समन्वय बनाने की है।

कन्हैया कुमार से ज्यादा खतरनाक शरजील के बोल: गृहमंत्री शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मंगलवार को कहा कि शरजील इमाम के बोल कन्हैया कुमार से भी ज्यादा खतरनाक है। उसे जेल में डाला जाएगा। उन्होंने कहा, 'शरजील का वीडियो देखिए, उसके भाषण को सुनिए, उसने कन्हैया कुमार से भी ज्यादा खतरनाक बात बोली है। आज दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है और दिल्ली लाया जाएगा। अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि बचपन से लेकर आज तक हमेशा पार्टी का संगठन, पार्टी का निर्णय, पार्टी के सिद्धांत, पार्टी की कार्यपद्धति इसको समझने का और इसके अनुसार जीने का मैंने प्रयास किया है। मैं बहुत कम आयु से भाजपा का कार्यकर्ता बना हूं। उन्होंने कहा, 'मैं एक ही बात सीखा हूं कि भाजपा सभी राजनीतिक दलों में एक अकेली पार्टी है जो विचारधारा के लिए राजनीति में आई है।

आज बेबाक

आतंकिस्तान के दहशतगर्दों द्वारा सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल ननकाना साहिब गुरूद्वारे पर हमले की पूरी दुनिया ने निंदा की थी। किन्तु इससे वहां के कट्टरपंथियों ने कोई सबक नहीं लिया और अब उन्होने सिंध के एक मंदिर पर हमला कर वहां तोड़ फोड़ कर दी। एक हिन्दु लड़की को विवाह मंडप से उठाकर उसका धर्म परिवर्तन कराकर जबरन निकाह करा दिया। जाहिर है आतंकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर धर्म के आधार पर अत्याचार बदस्तूर जारी है। अब जबकि भारत में नया नागरिकता कानून लागू हो चुका है तो वहां के अल्पसंख्यकों को भारत में शरण देने की कवायद शुरू हो जानी चाहिए।

खास खबर

भारत आएंगे अफ्रीकी चीते, सुप्रीम कोर्ट ने दी इजाजत

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय अभयारण्यों के लिए अफ्रीकी चीता लाने की मंगलवार को इजाजत दे दी। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ ने कहा कि वह अफ्रीकी चीतों को नामीबिया से भारत लाकर मध्यप्रदेश स्थित नौरादेही वन्य जीव अभयारण्य में बसाने की महत्वाकांक्षी परियोजना के खिलाफ नहीं है।

पाक में नहीं खेलेगा भारत: बीसीसीआई

नई दिल्ली ए.। बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि उसे पीसीबी के एशिया कप की मेजबानी करने से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। बीसीसीआई ने स्पष्ट कहा कि एशिया कप का स्तर तटस्थ होना चाहिए, क्योंकि उसके लिए इस समय पाकिस्तान जाना विकल्प ही नहीं है।

संधू होंगे अमेरिका में भारत के नये राजूदत

नयी दिल्ली (वार्ता)। श्रीलंका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू को अमेरिका में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार उन्हें हर्षवर्धन श्रृंगला के स्थान पर अमेरिका भेजा गया है। श्री श्रृंगला कल नये विदेश सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

बंगलादेश में आग से पांच की मौत

ढाका (वार्ता)। बंगलादेश के पहाड़ी जिले मौलवी बाजार में सैफुर रहमान मार्ग पर मंगलवार सुबह दो मंजिला इमारत में आग लगने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी।

निर्भया केस : मुकेश की याचिका पर फैसला आज

■ डेथ वारंट टालने व राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका खारिज करने के खिलाफ लगाई है सुको में याचिका

नई दिल्ली (वार्ता)। निर्भया सामूहिक दुष्कर्म के चार दोषियों में से एक मुकेश कुमार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को इस मामले का फैसला सुनाया जाएगा। मुकेश ने 1 फरवरी वाले डेथ वॉरंट को टालने और राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका खारिज होने के विरोध में गुहार लगाई थी। दिल्ली की एक अदालत ने चारों दोषियों को फांसी पर चढ़ाने के लिए एक फरवरी की तारीख तय की है। मुकेश की ओर से पेश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुप्रीम कोर्ट लाइव

मुकेश की वकील- माफी के अधिकार का जिम्मेदारी से पालन जरूरी : अंजना प्रकाश ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा, मानवीय फैसलों में चूक हो सकती है। जीवन और व्यक्तिगत आजादी से जुड़े मसलों को गौर से देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा हि माफी का अधिकार किसी की व्यक्तिगत कृपा न होकर, संविधान के तहत दोषी को मिला अधिकार है। राष्ट्रपति को मिले माफी के अधिकार का बहुत जिम्मेदारी से पालन जरूरी है।

सॉलिसिटर जनरल- राष्ट्रपति ने सभी तथ्यों का रखा ध्यान : सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पुलिस की ओर से बहस की। मुकेश की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने खुद ही कहा था कि दया याचिका को लंबित रखना अमानवीय है। सरकार ने कोर्ट की इस भावना का सम्मान किया है। राष्ट्रपति ने सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर बिना विलंब के याचिका पर फैसला किया। यह आरोप सही नहीं है कि मनमाने ढंग से दया याचिका खारिज की गई।

दुर्व्यवहार के आरोप की सुनवाई इस स्टेज पर नहीं : तुषार मेहता ने कहा कि जेल में दुर्व्यवहार के आरोप की सुनवाई इस स्टेज में सुप्रीम कोर्ट में नहीं की जा सकती। दोषी यह आधार नहीं ले सकता। जिसने एक लड़की के साथ इतनी क्रूरता की, वह जेल में दुर्व्यवहार की बात कर रहा है।

...उधर नाम लिए बगैर पीएम मोदी का पाकिस्तान पर हमला

पड़ोसी जानता है, हफ्ते-10 दिन में उसे चटा देंगे धूल

नई दिल्ली ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान का बिना नाम लिए उसे कड़े शब्दों में चेतावनी दे डाली। पीएम मोदी ने कहा कि पड़ोसी देश जानता है कि वह भारत से तीन-तीन युद्ध हार चुका है। भारतीय सेना चाहे तो उसे हफ्ते 10 दिन में हरा धूल चटा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कांग्रेस, बीएसपी समेत विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की

सरकारों ने दशकों तक संसद में नागरिकता संशोधन कानून बिल, एनिमी प्रॉपर्टी बिल लटकाए रखे और अपनी वोट बैंक की राजनीति करते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम जानते हैं कि हमारा पड़ोसी देश हमारे खिलाफ 3-3 युद्ध हार चुका है। हमारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मेरे लिए देश की प्रतिष्ठा सबकुछ है

सीएए-एनआरसी पर मोदी ने कहा, 'अफवाहें फैलाने वाले समझ लें कि मोदी अपनी प्रतिष्ठा के लिए पैदा नहीं हुआ है। मोदी के लिए देश की प्रतिष्ठा ही सबकुछ है। दशकों पुरानी समस्याओं की सुलझा रही हमारी सरकार के फैसले पर जो लोग सांप्रदायिकता का रंग चढ़ा रहे हैं, उनका असली चेहरा भी देश देख ■ शेष पृष्ठ 8 पर

घर में घुसकर सबक सिखाया जाता है

पीएम मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले की सरकारें सोचती थीं कि आतंकवाद, बम धमाके यह सब कुछ लॉ एंड ऑर्डर की दिक्कत है। भारत मां लहूलुहान होती गई। बातें बहुत हुईं, भाषण बहुत हुए लेकिन जब हमारी सेना एक्शन के लिए कहती तो उन्हें मना कर दिया जाता। पीएम ने कहा आज युवा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

...इधर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर कसा तंज

पुराने तरीके से नापे तो ग्रोथ रेट ढाई फीसदी ही

■ बर्बाद हो रही 21वीं सदी के भारत की पूंजी

जयपुर ए.। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि यूपीए के समय देश की विकास दर 9 फीसदी थी। वहीं, मोदी सरकार नए तरीके से जीडीपी नापती है तो विकास दर 5 फीसदी है। लेकिन पुराने तरीके से नापा जाए तो भारत की ग्रोथ रेट ढाई

फीसदी होगी। 21वीं सदी का भारत अपनी पूंजी जाया कर रहा है। राहुल गांधी मंगलवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में कांग्रेस की युवा आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि अगर मोदी सरकार पुराने तरीके से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खोखली कर दी यूपीए सरकार की योजनाएं

गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने यूपीए सरकार की योजनाओं मनरेगा, भोजन का अधिकार आदि को खोखला कर दिया। उन्होंने नोटबंदी कर दी और गरीबों का पैसा 15-20 उद्योगपतियों की जेब में डाल दिया। उन्होंने कहा कि जैसे ही गरीबों के पास से पैसा गया, माल की खरीद बंद हो गई। इससे देश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्व आरक्षक की नक्सलियों ने की हत्या

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नक्सलियों ने अपहृत पूर्व आरक्षक बलदेव ताती की हत्या कर दी। मामला गंगालूर थानाक्षेत्र का है।

नक्सलियों ने सोमवार की रात को बलदेव का अपहरण कर लिया था। वे उसे अपने साथ लेकर गए थे और मतदान वाले दिन यानी मंगलवार को उन्होंने बलदेव हत्या कर दी। नक्सलियों ने बलदेव के शरीर पर जगह-जगह चाकू से वार कर उसकी

जान ले ली और शव को सड़क पर फेंक दिया। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। गौरतलब है कि बलदेव ने अपनी पत्नी को चुनाव में खड़ा किया था और वह अपनी पत्नी को बीजापुर से कडेनार छोड़ने के लिए गया हुआ था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुस्ती के बीच बजट से राहत की बड़ी उम्मीद

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक और घरेलू कारकों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार कुछ वक्त से धीमी पड़ी हुयी है जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों को अगले वित्त वर्ष के आम बजट से बड़ी उम्मीदें हैं। प्रमुख उद्योगपतियों ने रोजगार के सृजन के लिए कदम उठाने, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ाने एवं कृषि क्षेत्र को गति देने वाली नीतियाँ बनाने की अपील की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी को वित्त वर्ष 2020-21 का आम बजट पेश करने की तैयारियों में जुटी हुयी हैं। अर्थव्यवस्था को लेकर भारत की चिंताओं के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति भी बेहतर नहीं है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

पहले चरण में 65 फीसदी से ज्यादा वोटिंग

■ दुर्ग जिले में पड़े सबसे ज्यादा वोट

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतीराज चुनाव का पहला चरण मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

पहले चरण में औसतन 65 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दोपहर 3 बजे तक के जारी आंकड़ों के मुताबिक 27 जिलों के 57 विकासखंडों में औसतन 65.71 फीसदी वोटिंग हुई। इसमें पुरुषों की तुलना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

29,919 पदों पर हो चुका निर्विरोध निर्वाचन

पहले चरण में मतदान वाले 29 हजार 919 पदों पर पंचायत प्रतिनिधियों का निर्विरोध निर्वाचन पहले ही हो चुका है। पंच पद के 29 हजार 657, सरपंच के 216 और जनपद सदस्य के 46 अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

गरमा-गरम

गोधरा कांड — सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के सरदारपुरा दंगा के 17 दोषियों को दी सशर्त जमानत

गुजरात के दोषी मप्र में करेंगे सामुदायिक सेवा का काम

■ दोषियों को जबलपुर और इंदौर जाने को कहा

नई दिल्ली/नवप्रदेश। गुजरात में गोधरा कांड के बाद 2002 में सरदारपुरा में भड़के दंगों में दोषी ठहराए गए 17 लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सशर्त जमानत दे दी। इन्हें गुजरात हाई कोर्ट ने दोषी ठहराया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सभी दोषियों ने शीर्ष अदालत में अपील दायर की थी।

दोषियों को दो समूह में बांटा

चीफजस्टिस एस ए बोबड़े, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्य कांत की पीठ ने दोषियों को दो समूह में बांटा और कहा कि एक समूह गुजरात से बाहर निकलेगा और मध्य प्रदेश के इंदौर में रहेगा। पीठ ने कहा कि दोषियों के दूसरे समूह को मध्य प्रदेश के जबलपुर जाना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत की शर्तों के तहत सभी दोषियों को प्रत्येक हफ्ते छह घंटे की सामुदायिक सेवा करनी होगी। इसके अलावा उन्हें हर हफ्ते स्थानीय थाने में पेश होना पड़ेगा।

इस घटना में एक समुदाय के 33 लोगों को जला दिया गया था। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में उन्हें मध्य प्रदेश जाने और वहां सामुदायिक सेवा करने को कहा है।

शर्तों का पालन सुनिश्चित करने ये निर्देश भी दिए

रोजगार ढूंढने में करें मदद

कोर्ट ने इंदौर और जबलपुर में जिला विधिक सेवा अधिकारियों (डीएलएसए) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि दोषी जमानत की शर्तों का सख्त पालन करें। उसने डीएलएसए को दोषियों की आजीविका के लिए उचित रोगजार ढूंढने में मदद करने का भी निर्देश दिया।

तीन माह में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश विधिक सेवा अधिकरण को तीन महीने बाद एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है जिसमें बताना होगा कि दोषियों ने शर्तों का पालन किया है या नहीं। इससे पहले गुजरात हाई कोर्ट ने गोधरा कांड के बाद हुए सरदारपुर दंगों में 14 को बरी और 17 को दोषी ठहराया था।

कोरोना वायरसः चीन के वुहान से भारतीयों को निकालने के लिए एअर इंडिया का विमान तैयार

नई दिल्ली (वार्ता)। चीन में फैल रहे कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच उसके वुहान प्रांत से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए एअर इंडिया अपने 423-सीट वाले एक बड़े विमान को वहां भेजने की तैयारी कर रहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि एयरलाइन को विशेष निकासी उड़ान के लिए विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय से आवश्यक मंजूरी का इंतजार है।

यह कदम तब उठाया गया है जब सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों को इस मुद्दे के संदर्भ में कदम उठाने का निर्देश दिया है। सूत्र ने कहा, ''हमने चीन के लिए निकासी उड़ान संचालित करने के उद्देश्य से मुंबई में बोइंग 747-400 तैयार रखा है। सूत्र ने बताया, ''लगभग 250 भारतीयों को निकाला जाना है। विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय से मंजूरी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की अनुमति आवश्यक है क्योंकि चालक दल को वायरस के प्रकोप वाले क्षेत्र में जाना है।

वायरस से 24 और लोगों की मौत

चीन में कोरोना वायरस से 24 और लोगों की मौत हो गई और इसी के साथ इस विषाणु से मरने वालों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है जबकि अब तक इससे संबंधित 4,515 पुष्ट मामले सामने आए हैं। चीन के हुबेई प्रांत में कोरोना वायरस के प्रकोप से पैदा हुए हालात के चलते भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने के लिए भारत ने तैयारियां शुरू कर दी है।

अधिकारियों और नागरिकों के संपर्क में

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास इस मुद्दे पर चीन की सरकार, अधिकारियों और नागरिकों के संपर्क में है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, ''हमने चीन के हुबेई प्रांत में कोरोना वायरस के प्रकोप से पैदा हुए हालात से प्रभावित भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, ''हमारा बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहा है और वह चीन की सरकार, अधिकारियों और हमारे नागरिकों के संपर्क में है। हम ताजा जानकारी साझा करते रहेंगे।

भारी बारिश से ब्राजील में तबाही, 45 की मौत

नई दिल्ली (ए.)। ब्राजील के मिनस जेराइस प्रांत में भारी बारिश के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि 101 शहरों में आपात स्थिति घोषित की गई है। समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, मिनस जेराइस आपातकालीन प्रबंधन कायार्लय ने सोमवार को कहा कि 18 लोग लापता के रूप में दर्ज हैं और 13,887 अन्य को अपने घरों को खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। आपातकालीन प्रबंधन के अधिकारियों ने कहा कि खोजी दलों को भूस्खलन की घटना में मरे एक शख्स का शव मलबे से मिला है। रविवार और सोमवार को बारिश थोड़ी कम हुई, जिससे दमकलकर्मियों को उन लोगों की तलाश करने में मदद मिली जिनकी गुमशुदगी की सूचना मिली थी, जब उनके घर बाढ़ में बह गए थे। इस बीच, मिनस जेराइस राज्य सरकार ने सोमवार को मूसलाधार बारिश से प्रभावित 101 शहरों में आपातस्थिति घोषित कर दी।

जेएनयू छात्र शरजील इमाम बिहार के जहानाबाद से गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र शरजील इमाम को बिहार के जहानाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। जेएनयू के इतिहास अध्ययन केंद्र से पीएचडी कर रहे शरजील पर नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान अलीगढ़ में भड़काऊ भाषण देने के मामले में दिल्ली, असम समेत छह राज्यों में देशद्रोह के मामले दर्ज हैं। इससे पहले पुलिस ने सुबह शरजील के भाई को हिरासत में लिया था। रिपोर्ट के मुताबिक जहानाबाद पुलिस आज ही शरजील को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करेगी, इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दिल्ली लाया जाएगा। शरजील इमाम तब चर्चा आया जब उसका एक विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया।

जहानाबाद से किया गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया, 'हमने शरजील इमाम को जहानाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बिहार निवासी इमाम का पता लगाने के लिए पांच दलों को तैनात किया था। उसे पकड़ने के लिए मुंबई, पटना और दिल्ली में छापे मारे गए।' शरजील इमाम की गिरफ्तारी पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि किसी को भी ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जो राष्ट्र के हित में न हो।

इमाम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही थी दबिश

पुलिस लगातार शरजील इमाम की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। मंगलवार की सुबह करीब चार बजे केंद्रीय एजेंसी की टीम काको स्थित मल्लिक टोला पहुंची थी। शरजील इमाम के घर की पुनः तलाशी ली गई थी। इस दौरान पुलिस ने शरजील के छोटे भाई मुजम्मिल इमाम और उसके दोस्त मो. इमरान को अपने साथ ले गई।

भीमाः एनआईए को सौंपने से महाराष्ट्र पुलिस का इंकार

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र पुलिस ने भीमा कोरेगांव मामले के दस्तावेज एनआईए को सौंपने से इनकार कर दिया है। राज्य गृहमंत्री अनिल देशमुख ने कहा है कि जबतक उनकी केंद्र सरकार से इसपर कोई औपचारिक बात नहीं होती तब तक राज्य की पुलिस एनआईए के साथ सहयोग नहीं करेगी। देशमुख ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को केंद्र की ओर से ऐसा कुछ नहीं कहा गया है कि एलगार परिषद की जांच को एनआईए को सौंपा जाना है। जांच एनआईए को ट्रांसफर किए जाने की खबर मीडिया से मिली है। हमें इसपर कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। ऐसे में केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग करना हमारे लिए संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इसपर कानूनी राय मांगी है जिसके बाद ही कोई फैसला होगा। राज्य सरकार ने यलगार परिषद की जांच की समीक्षा शुरू कर दी थी और पुणे पुलिस द्वारा जांच के बारे में शिकायतें मिलने के बाद एक विशेष जांच दल (एसआईटी) विचाराधीन था। उप मुख्यमंत्री अजित पवार और राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ इसके लिए एक रिव्यू मीटिंग की थी। बता दें कि केंद्र सरकार ने शुक्रवार को यलगार परिषद की जांच एनआईए को ट्रांसफर करने की घोषणा की थी।

क्या है भीमा-कोरेगांव केस?

एक जनवरी 2018 को पुणे के पास भीमा-कोरेगांव लड़ाई की 200वीं वर्षगांठ पर एक समारोह आयोजित किया गया था, जहां हिंसा होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इतिहास में जाएं तो भीमा-कोरेगांव लड़ाई जनवरी 1818 को पुणे के पास हुई थी। यह लड़ाई ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना और पेशवाओं की फौज के बीच हुई थी। इस लड़ाई में अंग्रेज़ों की तरफसे महार जाति के लोगों ने लड़ाई की थी और इन्हीं लोगों की वजह से अंग्रेज़ों की सेना ने पेशवाओं को हरा दिया था। महार जाति के लोग इस युद्ध को अपनी जीत और स्वाभिमान के तौर पर देखते हैं और इस जीत का जश्न हर साल मनाते हैं। जनवरी में भीमा-कोरेगांव में भी लड़ाई की 200वीं सालगिरह को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन लोग यह दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए। भीम कोरेगांव के विजय स्तंभ में शातिपूर्वक कार्यक्रम चल रहा था। अचानक भीमा-कोरेगांव में विजय स्तंभ पर जाने वाली गाड़ियों पर किसी ने हमला बोल दिया।

प्रशांत किशोर पर बोले नीतीश कुमार

जेडीयू से अगर कोई जाना चाहे तो जाए

नई दिल्ली (ए.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर के बारे में कहा कि यदि कोई ट्वीट कर रहा है तो करे। जब तक किसी की पार्टी में रहने की इच्छा करेगी, तब तक वह रहेगा और जाना चाहेगा तो जाए। नीतीश कुमार ने प्रशांत किशोर को लेकर कहा कि अमित शाह ने मुझसे कहा, जिसके बाद वो पार्टी में आए। प्रशांत किशोर पिछले कई दिनों से संशोधित नागरिकता कानून को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हैं।

वहीं, सीएए पर नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र द्वारा सीएए लागू किया गया है और इसके बारे में किसी भी भ्रांति को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम पहले ही एनआरसी के प्रति अपना विरोध जता चुके हैं और प्रधानमंत्री ने भी इसको लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। नीतीश कुमार ने कहा कि एनपीआर में माता-पिता के जन्म स्थान का विवरण मांगने वाले स्तंभों के संबंध में जो त्रुटियां हैं, उसे लोकसभा और राज्यसभा में हमारे नेता सरकार से हटाए जाने को कहेंगे। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर सीएए को लेकर लगातार सवाल खड़े करते रहे हैं। प्रशांत ने पार्टी के रुख पर भी सवाल खड़ा किया था। प्रशांत किशोर ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी पर तंज कसते हुए उन्हें 'परिस्थितिजन्य उपमुख्यमंत्री' करार दिया था। उनके इस बयान पर बीजेपी नेताओं ने इन दोनों नेताओं की जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं से शिकायत की थी।

जेडीयू ने कहा-इनकी अब कोई जरूरत नहीं

इससे पहले जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने दो टूक कहा कि जेडीयू की बैठक में प्रशांत किशोर और पवन वर्मा की कोई जरूरत नहीं है। वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि आज की बैठक सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हो रही है, इसलिए इस बैठक में प्रशांत किशोर और पवन वर्मा जेडीयू के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा, आंतरिक इलाकों के आस-पास स्थिति नियंत्रण में

नई दिल्ली (वार्ता)। सेना के नए उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एस के सैनी ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के आस-पास और आंतरिक इलाकों में स्थिति नियंत्रण में है। सलामी गारद के निरीक्षण के बाद सैनी ने कहा कि सेना हर चुनौती के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'पिछले वर्ष संघर्षविराम उल्लंघन के मामले बढ़ गए। हम सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।' साथ ही उन्होंने कहा कि उपकरण, गोला-बारूद जैसी महत्त्वपूर्ण कमियों को दूर करने और उत्तरी सीमा के आस-पास क्षमता विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

नए वायस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ़ लेफ्टिनेंट जनरल सैनी ने कहा, 'चीफऑफडिफेंस स्टाफजैसे नए पद सृजित हुए हैं। सेना मुख्यालय को उनके साथ जोड़कर अधिक समन्वय स्थापित करना मेरी प्राथमिकताएं होंगी।' अब तक दक्षिणी कमान के प्रमुख रहे सैनी सैनिक स्कूल, कपूरथला और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के छात्र रहे हैं। जून 1981 में उन्हें जाट रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त हुआ था। लेफ्टिनेंट जनरल सैनी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) प्रशिक्षण केंद्र में हथियार प्रशिक्षक, नयी दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में वरिष्ठ निर्देशक स्टाफ और भारतीय सैन्य अकादमी में कमांडेंट रहे हैं। उन्होंने इराक-कुवैत में संयुक्त राष्ट्र मिशन के डिप्टी चीफ मिलिट्री पर्सनल ऑफिसर के तौर पर भी सेवा दी है।

पीएम से बात करने ममता तैयार लेकिन पहले वापस लें सीएए

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए तैयार हैं। लेकिन उन्हें पहले संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को वापस लेना होगा। ममता बनर्जी ने कहा, 'यह अच्छा है कि प्रधानमंत्री बात करने के लिए तैयार हैं लेकिन उन्हें सीएए वापस लेना होगा। उन्होंने कश्मीर, सीएए पर फैसला लेने से पहले सर्वदलीय बैठक नहीं बुलाई। एनआरसी, एनपीआर और सीएए देश के लिए खराब हैं। सीएए के खिलाफ आयोजित प्रदर्शन के दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि एनआरसी और एनपीआर को लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि हम एकजुट भारत चाहते हैं। हम एकजुट बंगाल चाहते हैं। इससे पहले पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। बंगाल ऐसा करने वाला चौथा राज्य बन गया। इस मौके पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन सिर्फ अल्पसंख्यकों का ही नहीं बल्कि सभी का है।

'आई लव केजरीवाल' वाले संदेश पर हाईकोर्ट ने आप सरकार को भेजा नोटिस

पुलिस और ईसी को भेजा नोटिस

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक ऑटोरिक्शा पर 'आई लव केजरीवाल' लिखे होने की वजह से चालक को थमाए गए 10 हजार रुपये के चालान को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार, दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। जस्टिस नवीन चावला ने दिल्ली सरकार, पुलिस और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर ऑटो चालक की याचिका पर उनका रुख पूछा जिसने दावा किया है कि कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। दिल्ली सरकार के वकील और पुलिस ने अदालत को बताया कि 10 हजार रुपये का चालान क्यों काटा गया, इसका अध्ययन करने के लिए समय जरूरी है और इस बारे में रिपोर्ट दाखिल की जाएगी। चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि संभवतः आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई की गई जिस दौरान राजनीतिक विज्ञापनों पर पाबंदी होती है।

ऑटो चालकों को परेशान कर रही है भाजपा : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि भाजपा उन ऑटोरिक्शा चालकों पर भारी जुर्माना लगाकर निशाना साध रही है, जिन्होंने अपने रिक्शों पर 'आई लव केजरीवाल' पेंट करा रखा है। राजधानी में एक ऑटोरिक्शा चालक पर अपने ऑटोरिक्शा पर 'आई लव केजरीवाल' लिखने के लिए 10,000 रुपये का जुर्माना लगाए जाने की खबर का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने भाजपा से गरीबों को निशाना बनाना बंद करने को कहा। उन्होंने ट्वीट किया, ''भाजपा अपनी पुलिस से गरीब ऑटो वालों के झूठे चालान करवा रही है।

मुजफ्फरपुर कांड | बलात्कार और नाबालिगों के यौन शोषण का आपराधिक षडयंत्र रचने के आरोप तय किए थे

छुट्टी पर थे जज, ब्रजेश समेत 19 दोषियों की सजा पर सुनवाई टली

नई दिल्ली (ए.)। मुजफ्फरपुर के बहुचर्चित बालिका गृहकांड में दिल्ली स्थित साकेत विशेष पॉक्सो कोर्ट में ब्रजेश ठाकुर समेत 19 दोषियों को सजा पर आज होने वाली सुनवाई 4 फरवरी तक स्थगित कर दी गई है। स्पेशल जज की छुट्टी के चलते यह सुनवाई स्थगित की गई है। फिलहाल, ब्रजेश ठाकुर समेत सभी दोषी तिहाड़ जेल में बंद हैं।

आपको बता दें कि बीते 20 जनवरी को हुई सुनवाई में कोर्ट ने पॉक्सो कानून के तहत गंभीर लैंगिक हमले व सामूहिक बलात्कार में आरोपियों को दोषी ठहराया था। इससे पहले कोर्ट ने 30 मार्च 2019 को ब्रजेश ठाकुर समेत अन्य के खिलाफ बलात्कार और नाबालिगों के यौन शोषण का आपराधिक षडयंत्र रचने के आरोप तय किए थे। इनपर बलात्कार, यौन उत्पीड़न, नाबालिगों को नशा देने, आपराधिक धमकी समेत अन्य अपराधों के लिए मुकदमा चलाया गया था।

अधिकारियों को भी माना था लापरवाह

कोर्ट ने ब्रजेश व बालिका गृह के कर्मचारियों के साथ ही सरकार के समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों पर आपराधिक साजिश रचने, कर्तव्य में लापरवाही व उत्पीड़न की जानकारी देने में विफल रहने के आरोप में दोषी ठहराया था। इन आरोपों में अधिकारियों के प्राधिकार में रहने के दौरान बच्चों पर क्रूरता के आरोप भी शामिल थे, जो जुवेनाइल एक्ट के तहत दंडनीय हैं।

गैंगरेप, रेप, पॉक्सो एक्ट के दोषी - ब्रजेश ठाकुर, रवि रौशन, विजय तिवारी और दिलीप वर्मा

पॉक्सो, लापरवाही व साजिश के दोषी - मधु उर्फ साजिस्ता परवीन, इंदू कुमारी, हेमा मसीह, चंदा देवी, किरण देवी, मंजू देवी, नेहा कुमारी, मीनू देवी और डॉ. अश्विनी कुमार

रेप व पॉक्सो के दोषी - गुड्डू कुमार उर्फ गुड्डू पटेल, कृष्णा राम, रामनुज ठाकुर और विकास कुमार

पॉक्सो व साजिश के दोषी - रामाशंकर सिंह उर्फ मास्टर साहब

पॉक्सो, लापरवाही व जेजे एक्ट के तहत के दोषी - रोजी रानी

दोष गठन के बिंदु पर तीन बार बढ़ानी पड़ी तारीख

अदालत ने सीबीआई के वकील और 20 आरोपियों की अंतिम दलीलों के बाद 30 सितंबर 2019 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस बीच कपितय कारणों से दोषी ठहराने के बिंदु पर सुनवाई के लिए कोर्ट को तीन बार तारीख बढ़ानी पड़ी थी। चौथी तारीख पर कोर्ट ने ब्रजेश समेत 19 आरोपितों को दोषी ठहराया था।

पाकिस्तान में शादी समारोह से हिंदू लड़की किडनैप

सिंध,(ए.)। पाकिस्तान में जबरन धर्म परिवर्तन कराने का एक और मामला सामने आया है। विवाह समारोह से एक हिंदू लड़की का अपहरण कर उसका धर्म इस्लाम में परिवर्तित करा दिया गया। इसके बाद एक मुस्लिम शख्स से उसकी शादी कराई गई। सिंध प्रांत के मटियारी जिले में शनिवार को लड़की को विवाह समारोह के दौरान कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। उसके बाद उसकी शादी शाहरुख गुल से कराई गई। लड़की का नाम भारती बाई है। अधिकारियों ने अपहरणकर्ताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

बीजेपी की सरकार बनते ही सभी मस्जिदों को हटा दूंगा : प्रवेश

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पश्चिमी दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा है कि अगर दिल्ली में सत्ता में आए तो एक महीने के अंदर सरकारी जमीन पर बनी सभी मस्जिदों को हटा दूंगा। बीजेपी सांसद ने कहा है कि जब दिल्ली में मेरी सरकार बन गई तो 11 फरवरी के बाद एक महीने में मेरे लोकसभा क्षेत्र में जितनी भी मस्जिदें सरकारी जमीन पर बनी हैं उन सभी को हटा दूंगा। ऐसी एक भी मस्जिद को नहीं छोडूंगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में शाहीनबाग बड़ा मुद्दा भी गरमाता जा रहा है। बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा है कि अगर दिल्ली में सत्ता में आए तो एक घंटे में शाहीन बाग खाली करा लेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि कौन लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इनका मकसद सीएए को समझना नहीं है।

प्रवेश वर्मा यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि कश्मीर की तरह दिल्ली के एक कोने में भी आग लगी है। ये लोग आपके घर में घुसकर मारेंगे। मोदी नहीं होंगे तो ये लोग आपको काट डालेंगे। साथ ही उन्होंने अनुराग ठाकुर के बयान का भी समर्थन किया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के बयान का समर्थन करते हुए प्रवेश वर्मा ने कहा कि गद्दारों को गोली मारनी ही चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं किसी नोटिस से नहीं डरता हूं। अनुराग ठाकुर के बयान को लेकर चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस भी भेजा है।

■ न्यूज गैलरी

आईएएस सोनमणि बोरा बने लेबर सेक्रेट्री चंपावत को मिला पीएचई

रायपुर (नवप्रदेश)। पीएचई एवं लेबर सिकरेट्री सुबोध सिंह को राज्य सरकार ने केंद्र के लिए रिलीव कर दिया है। सुबोध डेपुटेशन पर भारत सरकार जा रहे हैं। केंद्र में उन्हें ज्वाइंट सिकरेट्री फूड एंड सिविल सप्लाई बनाया गया है। सुबोध को राज्य सरकार ने पहले ही डेपुटेशन पर जाने के लिए एनओसी दे दिया था। इसलिए, रिलीविंग में कोई दिक्कत नहीं थी। भारत सरकार ने 20 जनवरी को सुबोध सिंह की पोस्टिंग का आर्डर निकाला था। 97 बैच के आईएएस सुबोध पहली बार सेंट्रल डेपुटेशन पर जा रहे हैं। पांच साल के लिए उनका यह पीरियड होगा। वे चाहेंगे तो दो साल इसमें और बढ़ सकता है। सुबोध रायगढ़, रायपुर और बिलासपुर के कलेक्टर रह चुके हैं। मार्कफेड के एमडी भी रहे हैं। सिकरेट्री टू सीएम के साथ ही इंडस्ट्री, पीडब्लूडी, माईनिंग और पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी संभालने का अवसर मिला। एक साल से अधिक वक्त तक वे हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर भी रहे। सुबोध के पास फिलहाल पीएचई और लेबर था। लेबर सोनमणि बोरा को दिया गया है और पीएचई अविनाश चंपावत को दिया गया है।। चंपावत के पास पहले से सिंचाई विभाग है। वहीं, सोनमणि राज्यपाल के सिकरेट्री हैं। सोनमणि बोरा के पास सचिव संसदीय कार्य विभाग और राजभवन सचिव के साथ-साथ श्रमायुक्त और सचिव श्रम विभाग का चार्ज दिया गया है। वहीं पीएचई का एडिश्नल चार्ज 2003 बैच के अविनाश चंपावत को दिया गया है। अभी उनके पास जल संसाधन और धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग का एडिश्नल चार्ज है। वहीं 2011 बैच के रिमिजियुस एक्का को राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव के साथ-साथ नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव का एडिश्नल चार्ज दिया गया है।

सुबोध सिंह केंद्र के लिए रिलीव

कोरोना वायरस : संक्रमण से बचने स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस क्या है, इसके संक्रमण से कैसे बचा जाए, इसके लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जनहित में एडवायजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोरोना वायरस विषाणुओं का समूह है, जिसमें सामान्य तौर पर जानवरों में बीमारियां होती है। यह वायरस कभी-कभी मनुष्यों में भी संक्रमण करता है।

कोरोना वायरस के प्रमुख लक्षणों में सर्दी, खांसी आना तथा बुखार होना आदि है। इसके अलावा सिर में दर्द होना और गले में खरास आना है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग व्यक्तियों में एवं ऐसे व्यक्तियों में जिनमें प्रतिरक्षण क्षमता कम होती है। उन व्यक्तियों को निमोनिया, ब्रोंकाईटीस इत्यादि गंभीर बीमारियां उत्पन्न करता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छीकने से, हवा के द्वारा दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से जैसे संक्रामित व्यक्ति के छूने या हाथ मिलाने से होता है।

इससे कैसे बचा जाए, इसके लिए कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचे, अपने हाथ साबुन से बार-बार धोते रहे। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के सामग्रियों के संपर्क में आने के बाद आंख या नाक को छूने से बचे। सामान्य रूप से सर्दी, खांसी, बुखार होने पर चिकित्सक की सलाह लें एवं घर में आराम करें।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सर्विलेंस इकाई छत्तीसगढ़, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लैंडलाइन नम्बर-0771-2235091 अथवा मोबाइल नम्बर-9713373165 पर संपर्क कर सकते हैं।

व्यापार मेलाः 'एक्सपो-2020' चेम्बर का ब्रोशर जारी

सीएम भूपेश करेंगे 7 फरवरी को कार्यक्रम का उद्घाटन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष जैन जीतेन्द्र बरलोटा, महामंत्री लालचंद गुलवानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रवक्ता द्वय ललित जैसिंघ एवं योगेश अग्रवाल ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा राष्ट्रीय व्यापार एवं उद्योग मेला अवसर चेम्बर एक्सपो-2020 का आयोजन दिनांक 7 से 10 फरवरी 2020 तक बी.टी.आई. ग्राउंड, शंकरनगर, रायपुर में किया जायेगा। एक्सपो-2020 कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा के आतिथ्य में होगा ।एक्सपो-2020 में प्रमुख कंपनियों के साथ-साथ व्यवसायी, उद्योगपतियों द्वारा अपने प्रमुख उत्पादों का प्रदर्शन तथा विक्रय हेतु स्टाल लगाकर उपभोक्ताओं के लिये गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

एक्सपो-2020 के ब्रोशर का विमोचन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष जैन जीतेन्द्र बरलोटा, महामंत्री लालचन्द गुलवानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, चेयरमेन पूरनलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष-चंदर विधानी, राजेन्द्र जग्गी, भरत बजाज, मंत्री-प्रकाश लालवानी, आलोक सिंह, अश्वनी विग एवं ट्रांसपोर्ट चेम्बर अध्यक्ष हरचरण सिंह साहनी उपस्थित थे।

250 स्टाल लगेंगे

चेम्बर मंत्री आलोक सिंह को संयोजक एवं चेम्बर मंत्री प्रकाश लालवानी को सह-संयोजक बनाया गया है। एक्सपो-2020 में 6 सेक्टरों मे विभिन्न स्टाल लगाये जायेंगे तथा आकर्षक एवं उपभोक्ता सामग्रियों से युक्त 250 स्टाल लगाये जायेंगे। इस एक्सपो-2020 में पहली बार बी-2 बी और बी2सी का कार्यक्रम रहेगा जिसमें व्यापार बढ़ाने एवं व्यापार की संभावनाओं पर विशेष आयोजन रहेगा।

ये होंगे आकर्षण के केंद्र

नाबार्ड, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज, बिल्डर्स, आटोमोबाइल सेक्टर के साथ ब्यूटीशियन, कास्मेटिक, बैंकिंग, बीमा कंपनियों, एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स के साथ कोसा-सिल्क, वुडन क्राफ्ट, बेलमेटल, हैंडीक्राफ्ट एवं कांकेर की इमली के साथ जशपुर का काजू प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहेगा एवं फुड स्टाल भी लगाये जायेंगे।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बोले

विजय मिले तो अंहकारी नहीं होना है हार मिले तो बनें अटल-आडवाणी

■ **कसा तंज-चुनाव के वक्त किए लोकलुभावन वादे नहीं हो पा रहे हैं पूरे**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा कार्यालय में अमित शाह ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों को सामने रखते कहा कि बहुत कम आयु से मैं बीजेपी का कार्यकर्ता बना हूँ. जब समझ भी नहीं थी तब से कार्यकर्ता हूँ. पार्टी के सिद्धांत, पार्टी की कार्य पद्धति को समझने का प्रयास किया है. सभी राजनीतिक दलों में एक अकेली पार्टी है, जो विचारधारा के साथ राजनीति में आई है। कम्युनिस्ट पार्टी को छोड़ दें तो बाकी पार्टी परिवारवाद की पार्टी है. बीजेपी का राजनीति में आने का कारण विचारधारा थी, सत्ता कभी नहीं थी। छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता आते हैं कहते है सत्ता नहीं है यह कहकर दुखी होते है. लेकिन बीजेपी का कार्यकर्ता जब विपक्ष में होता है तभी खुश होता है. मैं भी छत्तीसग? का कार्यकर्ता होता तो क्षुब्ध हो जाता. क्योंकि जैसा काम डॉक्टर रमन सिंह ने किया था उसे देखकर सत्ता जाने की कल्पना भी नहीं थी. हम वो पार्टी हैं जिसके संसद के भीतर दो सांसद रह गए थे. 400 कांग्रेसियों का टोला वहां हंसा था. आज स्थिति ये हो गई है कि कांग्रेस को विपक्ष में बैठने लायक सांसद भी नहीं मिले।

अमित शाह ने कहा कि जब विजय मिले तो राजीव गांधी की तरह अहंकारी नहीं होना है, जब हार मिले तो अटल-आडवाणी की तरह बनना है. चुनाव के वक्त कांग्रेस ने लोक लुभावन वादे दिए, आदिवासी बहुल राज्य में चुनाव जीत गए लेकिन छह महीने में लोकसभा चुनाव में जनादेश बदल गया. छत्तीसगढ़ की जनता 6 महीने में ही कांग्रेस सरकार को पहचान गई. ये सिद्ध हो गया कि छत्तीसगढ़ बीजेपी का गढ़ है, इसे कोई नहीं छीन सकता। जनता ने आज हम विपक्ष का दायित्व दिया है. किसान, आदिवासियों के अधिकार के लिए संघर्ष करें. सरकार को बेनकाब करें. आलस किये बगैर जनता के बीच जाएं. जय, पराजय तो 90 के बाद सुनने आया, पहले तो हमारे भाग्य में सिर्फ पराजय ही थी. उस वक्त कैसे काम किया हमारे नेताओं ने? उनकी काम की गति का कारण केवल और केवल हमारी विचारधारा थी. इसलिए एक बार नहीं बल्कि दो बार हमने केंद्र में सरकार बनाई. चुनाव का जय, पराजय बीजेपी का भाग्य तय नहीं कर सकता, यह हमारे कार्यकर्ताओं का पराक्रम तय कर सकता है छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार फिसड्डी सरकार है, जो वादे को पूरा करने में विफल रही.बीजेपी जब यहां सरकार में थी, तो चट्टान की तरह सरकार हर वर्ग के लिए खड़े रहती थी 2019 में जब मोदी सरकार बनी तो पूरे देश का विपक्ष एकजुट हो गया। 5 साल की जो सरकार चली थी उसमें बदलाव लाया गया. देश के 60 फीसदी गरीबों के घरों में आजादी के बाद फायदा पहुँचने का काम मोदी सरकार ने किया है. गरीब के पास घर नहीं था, शौचालय नहीं था, बैंक खाता नहीं था, बिजली नहीं थी, गैस कनेक्शन नहीं था। मोदी सरकार ने इन समस्याओं को समाप्त किया। उन्होंने कहा कि यही 60 करोड़ लोग देश के विकास के साथ जुड़े जब पेट मे खाना हो तभी सपने आते हैं, मोदी सरकार ने पेट का गड्ढा भर उस तबके को सपने दिए. ये 60 करोड़ बुद्धिधन जो देश के विकास के काम नहीं आता था, ये देश के विकास के सहभागिता बन गए, जब-जब कांग्रेस की सरकार थी तुष्टिकरण की नीति के तहत काम करती आई। देश की कोई रक्षा नीति नहीं थी. पाकिस्तान से आतंकी घुस आते थे, जवानों का सिर काटकर ले जाते थे कोई कहने वाला नहीं था. पुलवामा की घटना घटने के दस् दिन के भीतर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मार कराया. अमेरिका और इजरायल ही दो देश थे जो अपने जवानों की शहादत का इस तरह से बदला लेता था।



संपादकीय

विधान परिषदों पर सवालिया निशान

आंध्र प्रदेश विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर वहां की विधान परिषद को भंग कर दिया है। अब यह प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा जहां संसद में इसपर विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश की विधानसभा में वाईएसआर कांग्रेस का बहुमत है जबकि वहां की विधान परिषद में तेलगु देशम पार्टी बहुमत में है। इस वजह से इन राजधानियो संबंधि विधेयक लटका हुआ है। यही वजह है कि आंध्र प्रदेश की जगमोहन रेड्डी सरकार ने विधान परिषद को भंग करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे देश के आधा दर्जन राज्यों में विधान परिषद भी है। विधान परिषदों के औचित्य पर कई बार सवालिया निशान लग चुके है। जिस तरह देश में लोकसभा के अलावा उच्च सदन के रूप में राज्यसभा है उसी तर्ज पर देश के कई बड़े रज्यों में विधान परिषदों का गठन किया गया है। राजस्थान सहित और कुछ राज्य विधान परिषद गठन करने के इच्छुक है चूकि आंध्र प्रदेश सरकार ने विधान परिषद भंग करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है अतः केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह न सिर्फ आंध्र प्रदेश की विधान परिषद के बारे में विचार करें बल्कि अन्य राज्यों की विधान परिषदों के औचित्य पर भी विचार विमर्श करें। इन विधान परिषदों के लिए वहां की राज्या सरकारों पर करोड़ो का बोझ पड़ता है। विधान परिषद के सदस्यों को भी विधायकों के समान वेतन भत्ते और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करानी पड़ती है। जो लोग विधानसभा चुनाव में पराजित हो जाते है उन्हे विधान परिषद का सदस्य बना दिया जाता है, इसके अलावा विधान परिषदों की और कोई उपयोगिता नजर नहीं आती है। ऐसी स्थिति में विधान परिषदों की उपयोगिता की समीक्षा करना आवश्यक हो जाता है। राज्य सभा के औचित्य पर भी प्रश्न चिन्ह लगते रहे है। राज्यसभा का गठन इसलिए किया गया था कि उसमें विषय विशेषज्ञों को राज्यसभा सदस्य के रूप में रखा जाए ताकि उनके उनुभवों का सदन को लाभ मिल सके। स्वतंत्रता के बाद कुछ वर्षो तक राज्यसभा में देश की नमी गिरामी हस्तियों को सदस्य बनाया जाता था, लेकिन अब वहां नाम मात्र ही विषय विशेषज्ञ भेजे जाते है ज्यादातर संख्या में राजनेता ही वहां सदस्य बनते है। इसे नेताओं को वृद्धाश्रम भी कहा जाने लगा है। अब समय आ गया है कि राज्यसभा में भी ऐसे लोगों को भेजा जाए जिन्होने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट सेवाएं दी हों, अन्यथा राज्यसभा की उपयोगिता पर भी सवाल उठने लगेंगे।

विचार

दो खास मुसलमानों को पद्मश्री

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हर 26 जनवरी पर भारत सरकार पद्मश्री आदि पुरस्कार बांटती है। इन पुरस्कारों के लिए कई लोग दौड़-धूप करते हैं। नेताओं, अफसरों और पत्रकारों से सिफारिश करवाते हैं। उन्हें लालच भी देते हैं। लेकिन कई लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें ये पुरस्कार देने पर सरकार खुद तुली रहती है। वे इन पुरस्कारों के लिए किसी के आगे अपनी नाक नहीं रगड़ते। जब उन्हें बताया जाता है तो ज्यादातर लोग इन पुरस्कारों को सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं और अपने आप को भाग्यशाली समझते हैं लेकिन देश में ऐसे लोग भी हैं, जो इस तरह के पुरस्कारों को लेने से मना कर देते हैं। उनका तर्क यह भी होता है कि मैं तो पुरस्कार के योग्य हूं लेकिन पुरस्कार देनेवाले की योग्यता क्या है ? ऐसे पुरस्कारों की प्रामाणिकता या प्रतिष्ठा क्या है ? खैर, इस बार दो खास मुसलमानों- अदनान सामी और रमजान खान को पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा हुई। यों तो आजकल लोग इन सरकारी पुरस्कारों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते लेकिन इन दोनों पुरस्कारों पर मेरा ध्यान भी गया। अदनान सामी अच्छे गायक हैं लेकिन उन्होंने इस पुरस्कार के लिए अपने आप को कतार में खड़ा किया होगा, इसमें मुझे शक है। यह उन्हें जान-बूझकर दिया गया होगा ? क्यों दिया गया होगा ? शायद सरकार ऐसा प्रभाव पैदा करना चाहती हैं कि वह मुसलमान-विरोधी नहीं है। यह बात रमजान खान के बारे में भी लागू होती है। उसने नए नागरिकता कानून के बहाने घर बैठे जो मुसीबत मोल ले ली है, इससे शायद उसे राहत मिलने की उम्मीद रही होगी। सामी, जिनके पिता पाकिस्तानी हैं, उन्हें भारत की नागरिकता भी दी गई है। रमजान खान का मामला तो और भी मजेदार हैं। वे अपने भरण-पोषण के लिए राजस्थान के मंदिरों और हिंदू कार्यक्रमों में भजन गाते हैं। गोसेवा भी करते हैं। ऐसे व्यक्ति को बिना मांगे पद्मश्री देकर यह हिंदूवादी सरकार अपनी उदारवादी छवि भी बना रही है लेकिन इससे लोग पूछेंगे कि रमजान खान के बेटे फिरोज खान को अपनी नौकरी क्यों छोड़नी पड़ी ? उसे बनारस हिंदू युनिवर्सिटी में संस्कृत क्यों नहीं पढ़ाने दी गई ? तब इस सरकार ने हस्तक्षेप क्यों नहीं किया। वैचारिक दिग्भ्रम बने रहने के कारण ऐसे सही और गलत काम एक साथ होते रहते हैं।

बेरोजगारी अब जिंदगी छिनने लगी!

डॉ. संजय शुक्ला

> देश की शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव की जरूरत है, प्राथमिक स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर के पाठ्यक्रम में रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम को शामिल करते हुए कौशल उन्नयन पर ध्यान देना होगा। देश के लगभग 50 विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बनाना होगा ताकि युवा उच्चशिक्षा के लिए परदेस पलायन न करें और वे रोजगार प्रदाता बनें। कृषि क्षेत्र और इससे जुड़े सहायक उद्योग जैसे मत्स्यपालन, डेयरी, वनौषधि उद्यान तथा फल-फूल की बागवानी इत्यादि को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। देश में लघु और कुटीर उद्योगों को सहायता और प्रोत्साहन देने की जरूरत है, इसके लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों को कर लाभ देकर ज्यादा लोगों को रोजगार देने के लिए प्रेरित करना होगा। लाखों लोगों को रोजगार के अवसर की क्षमता रखने वाले टेक्सटाईल, निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

युवा भारत में अब किसानों से ज्यादा बेरोजगार खुदकुशी कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानि एनसीआरबी के हालिया ऑकड़ों के अनुसार 2018 में प्रतिदिन औसतन 35 बेरोजगारों और स्वरोजगार से जुड़े 36 लोगों ने खुदकुशी की है। दोनो श्रेणियों को मिलाकर साल भर में 26,085 लोगों ने आत्महत्या की जिसमें बेरोजगार युवाओं की संख्या 12,936 तथा स्वरोजगार से जुड़े लोगों की संख्या 13,149 थी वहीं पिछले साल कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों की खुदकुशी करने वालों की संख्या 10,349 थी। बहरहाल यह ऑकड़े ''स्किल इंडिया'' और ''मेक इन इंडिया'' जैसे योजनाओं की जमीनी हकीकत बयॉ कर रहे हैं। गौरतलब है कि देश इन दिनों संक्रमण के दौर से गुजर रहा है, एक तरफ देश में बेरोजगारी दर पिछले 45 सालों के उच्च स्तर पर है वहीं लोगों के हाथों से लगातार नौकरियां छिन रही है। देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल की तुलना में इस साल 16 लाख नौकरियॉ घट गयीं। विडंबना यह कि देश एक तरफ भयावह संकट के दौर से गुजर रही है वहीं हमारे देश की राजनीतिक व्यवस्था और युवा राष्ट्रीय नागरिकता कानून यानि सीएए, राष्ट्रीय नागरिका रजिस्टर यानि एनआरसी और धार्मिक कट्टरता की सियासत में मशगूल हैं। चिंताजनक यह कि देश के युवा अपनी शिक्षा और रोजगार की चिंता छोड़कर इस राजनीतिक चूल्हे की जलाऊ लकड़ी बन रहे हैं। गौरतलब है कि सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सी.एम.आई.ई.) के मुताबिक देश में इस साल बेरोजगारी दर 7.1 फीसदी हो गयी जबकि बीते वर्ष 2018 में यह 6.1 फीसदी थी। हाल ही में जारी एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक बीते 5 सालों में 3.64 करोड़ लोगों की नौकरियॉ छीन चुकी है। इसमें प्रमुख रूप से टेक्सटाइल, जेम एण्ड ज्वेलरी, ऑटोमोबाईल, बैंकिंग, टेलीकॉम, रियल स्टेट और एविएशन क्षेत्र शामिल है। देश में रोजगार के मसले पर अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की तरफसे जारी रिपोर्ट के मुताबिक आजाद भारत के इतिहास में पहली बार बीते 6 वर्षों में 90 लाख नौकरियां घटी है। यह नौकरियां सर्वाधिक रोजगार पैदा करने वाली कृषि, इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में खत्म हुयी है। इस रिपोर्ट के इतर सी.एम.आई.ई. का दावा है कि इसी साल मई से सितंबर तक 25 लाख नौकरियां बढ़ी हैं, दूसरी ओर सरकार का भी कहना है कि संगठित क्षेत्र हर साल 1 करोड़ रोजगार पैदा कर रहा है। हालॉकि इस दावे की पोल ऑटोमोबाईल, टेक्सटाइल, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक क्षेत्र में खत्म हो रही नौकरियां खोल रहीं हैं। गौरतलब है कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र 35 मिलियन लोगों को रोजगार देता है, वहीं टेक्सटाइल उद्योग कृषि के बाद 10 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष व

अप्रत्यक्ष रोजगार देने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। विडंबना है कि देश के सार्वजनिक एवं प्रायवेट कंपनियों में बरसों से काम कर रहे लोगों की नौकरियॉ लगातार खत्म हो रही है वहीं आटोमेशन के चलते 69 फीसदी भारतीय नौकरियां भी खतरे में है। बहरहाल हाथ से नौकरी छिनने वाले उन परिवारों पर आई विपत्तियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है जिन्होंने अपनी लगी-लगायी नौकरी के बलबूते बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला दिलाया था या फिर बैंक से कर्ज लेकर आशियाना ढूंढा था।

गौरतलब है कि देश में जारी आर्थिक मंदी, नोटबंदी, जी.एस.टी. और कम होती वैश्विक मांग के चलते भारत में बेकारी की समस्या लगातार बढ़ने के कारण शिक्षित युवा बेरोजगारों की कतार लंबी होते जा रही है वहीं दूसरी ओर जिन हाथों में रोजगार था वे हाथ भी अब रोजगार विहीन हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्र में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी की दर 7.8 फीसदी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 5.3 फीसदी है। भारतीय श्रम ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक भारत दुनिया में सबसे ज्यादा बेरोजगारी वाला देश है जहां साल 2019 के शुरूआत में ही 11 फीसदी आबादी यानि 12 करोड़ लोग रोजगार के कतार में हैं जिसमें 1.90 करोड़ संख्या ऐसे युवाओं की है जिनकी उम्र 25 वर्ष तक है, बेरोजगार युवाओं की बढ़ती फौज के दृष्टिगत देश को 1.2 करोड़ लोगों के लिए हर साल रोजगार पैदा करने की दरकार है। हालॉकि सरकार इन आंकड़ों पर इत्तेफाक नहीं रखती, देश के श्रम और रोजगार मंत्री श्री संतोष गंगवार ने संसद में बताया है कि देश में नौकरियों की कमी नहीं है दिक्कत यह है कि लोग स्थायी और सरकारी नौकरी चाहते हैं।

देश में बढ़ती बेरोजगारी के परिप्रेक्ष्य में उपलब्ध रोजगार के क्षेत्रों पर नजर डालें तो देश में संगठित, असंगठित और सरकारी क्षेत्र प्रमुख रूप से नौकरी प्रदाता है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में संगठित क्षेत्र का रोजगार में हिस्सा 10.1 फीसदी है, असंगठित क्षेत्र जिसमें कृषि भी शामिल है 60 फीसदी रोजगार उपलब्ध कराता है। बदलते भारत में सरकारों ने कृषि की अपेक्षा औद्योगिक विकास को ज्यादा तरजीह दी, औद्योगिक विकास की बेतरतीब सनक ने खेती की लाखों हेक्टैयर जमीन निगल ली लेकिन इसके बावजूद उद्योग देश की आर्थिक विकास और रोजगार उपलब्ध कराने में नाकाम रहे। दरअसल आम भारतीय परिवार में आज भी सरकारी नौकरी का सबसे बड़ा आकर्षण है। भारत में रेल्वे, सेना, पुलिस सहित विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी के ज्यादा अवसर हैं, यही वजह है कि देश में सरकारी नौकरियां निकलने पर हजारों-लाखों लोग अर्जियां देते हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि सरकारी विभागों के निचले दर्जे यानि ग्रुप सी या डी अथवा तृतीय-चतुर्थ वर्ग के नौकरियों के लिए उच्च शिक्षित युवा जो इंजीनियरिंग, एम.बी.ए., पी.एच.डी., पोस्ट ग्रेजुएट या अन्य उच्च शिक्षा डिग्रीधारी होते हैं वे भी इन नौकरियों के लिए अर्जियां देते हैं जबकि इन पदों की बुनियादी योग्यता महज आठवीं या दसवीं पास तथा सायकल चलाने की दक्षता भर होती है। इन परिस्थितियों में अहम प्रश्न यह है कि हमारे देश में युवाओं के तकनीकी, प्रबंधन और उच्चशिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक पढ़ने और दक्षता प्राप्त करने के बावजूद उन्हें उनके आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार क्यों नहीं मिल पा रहा है? आज का युवा विश्वविद्यालय से डिग्री लेने के बाद भी भविष्य के लिए क्यों संशकित है? विचारणीय है कि केन्द्र और राज्य सरकारों में लाखों पद खाली होने के बावजूद देश की सरकारें अपनी स्थापना व्यय कम करने के लिए इन पदों पर नियमित भर्तियों की जगह संविदा और आउटसोर्सिंग से काम चला रहीं हैं। बहरहाल देश में बेरोजगारी एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है जिसने लाखों युवाओं के सुनहरे सपनों पर पानी फेर दिया है। देश में केन्द्र सरकार ने बेरोजगारी की समस्या के दृष्टिगत एक समिति गठित कर दी है परंतु विचारणीय यह कि आखिरकार ऐसी समितियां नये रोजगारों के सृजन की दिशा में क्यों कुछ नहीं सोचती? इन सरकारी दिखावे के परिप्रेक्ष्य में विचारणीय है कि बेरोजगारी केवल आंकड़ों या समितियों से नहीं मिटेगी बल्कि इसके लिए सरकार को ''राष्ट्रीय रोजगार नीति'' बनाने की दरकार है। बहरहाल मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नीतिगत रूप से स्वरोजगार और कौशल विकास को प्रोत्साहित करने तथा नये रोजगार निर्माण के लिए अनेक योजनाएं जैसे मेक इन इंडिया, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार निर्माण योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अनेक योजनाएं लागू की थीं परंतु इन दर्जनों योजनाओं के बावजूद देश रोजगार के मोर्चे पर लगातार पिछड़ते जा रहा है। विडंबना यह कि हमारे देश की सरकारें महज बेरोजगारी भत्ता देकर अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री मानें बैठी है। दरअसल रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारों की बड़ी भूमिका होती है, विकास कार्यों पर खर्च करके ऐसे रोजगार बनाए जा सकते हैं जो सरकारी खजानों में करों के रूप में नयी आमदनी लाये। बहरहाल देश में बढ़ती बेरोजगारी के लिए प्रमुख रूप से जनसंख्या वृद्धि, गरीबी, लचर शिक्षा व्यवस्था, कृषि क्षेत्र की उपेक्षा, लघु और कुटीर उद्योगों का खात्मा, स्वरोजगार के कम साधन, शासन व्यवस्था में व्याप्त लाल फीताशाही, अत्यधिक मशीनीकरण और बाजारगत स्थितियां जिम्मेदार हैं।

क्या भाजपा कर सकेगी वापसी?

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप मजबूत स्थिति में

सागरनील सिन्हा

> 2014 के लोकसभा चुनावों की तरह, 2019 के आम चुनावों में भी, दिल्ली के मतदाताओं ने भगवा पार्टी के सभी 7 सांसदों का चुनाव करके भाजपा के पक्ष में मजबूत निर्णय दिया। लेकिन 2014 के विपरीत, 2019 में कांग्रेस सत्तारूढ़ पार्टी आप को पीछे छोड़ते हुए वोट शेयर में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। जहां भाजपा को 56.58 फीसदी वोट मिले, वहीं कांग्रेस आप के 18 फीसदी के मुकाबले 22.6 फीसदी मत हासिल करने में सफल रही, जिससे केजरीवाल की पार्टी निराश हुई।

राजनीतिक हलकों में चर्चा चल रही है कि केजरीवाल की अगुवाई में आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में दूसरा कार्यकाल हासिल करने में सक्षम हो सकती है - जो 8 फरवरी को चुनावों में दिखाई देगी। पिछली बार, आप ने शानदार जीत दर्ज की थी। 70 सीटों में से 67 उसी ने जीती थीऔर बाकी सीटें बीजेपी ने जीतीं। और, इस बार भी आम आदमी पार्टी अपने 2015 के शानदार प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद कर रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप के अपने प्रतिद्वंद्वियों - बीजेपी और कांग्रेस पर बढ़त बनाती दिख रही है। वर्तमान में दोनों दलों के पास विश्वसनीय जन नेता नहीं हैं। हालांकि, राजनीतिक लड़ाई केवल चेहरों पर नहीं लड़ी जाती है। अन्य कारक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चुनावी लड़ाई का भाग्य तय करने में एक प्रमुख कारक राजनीतिक अंकगणित है।

2013 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप ने अपने पहले चुनाव में 29.5 फीसदी वोट हासिल किए थे, जबकि बीजेपी और कांग्रेस को क्रमशः 33 फीसदी और 24.6 फीसदी वोट मिले थे। 2008 के विधानसभा चुनावों में, जब आप नहीं थी और लड़ाई मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस के बीच थी, दोनों दलों ने क्रमशः 36.34 प्रतिशत और 40.31 प्रतिशत प्राप्त किए। मायावती की बीएसपी ने 2008 में 14 प्रतिशत के अच्छे वोट शेयर के साथ 2 सीटें

जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन यह उसे दोहराने में 2013 में नाकाम रही। 2013 में पार्टी एक सीट भी नहीं जीत पाई थी और केवल 5.4 प्रतिशत वोट पा सकी थी। बेशक, 2008 की तुलना में 2013 में बीजेपी ने अपना वोट शेयर खो दिया, लेकिन कांग्रेस और बीएसपी के नुकसान की तुलना में यह केवल 3.4 प्रतिशत था, जो क्रमशः 15.7 प्रतिशत और 8.6 प्रतिशत वोटों को खो चुके थे। अगर कांग्रेस और बसपा के नुकसान को एक साथ रखा जाए, तो यह आंकड़ा 24.3 है और यह 27.7 तक पहुंच जाता है, जब भाजपा का 3.4 प्रतिशत नुकसान हो जाता है - और यह आंकड़ा 2013 के विधानसभा चुनावों में आप के वोट शेयर के करीब है। इन आंकड़ों के आधार पर, यह सुरक्षित रूप से माना जा सकता है कि आप के अधिकांश वोट ज्यादातर गैर-भाजपा दलों के थे।

2015 के विधानसभा चुनावों से इस बात की पुष्टि हो गई है जब आप ने लगभग सभी सीटों पर कब्जा कर लिया और 2013 के चुनावों की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को 3 सीटों तक सीमित कर दिया। उस चुनाव में आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस पूरी तरह साफहो गई थी, जिसने 15 वर्षों तक दिल्ली पर शासन किया था। हालांकि, आप ने 2013 के चुनावों की तुलना में 24.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 54.3 प्रतिशत वोट हासिल किए, लेकिन भाजपा ने 2013 में जीते गए 31 की तुलना में केवल 3 सीटें प्राप्त करने के बावजूद, 2015 में लगभग 2013 के वोट प्रतिशत को प्राप्त किया। भगवा पार्टी 32.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है - इसका मतलब केवल 0.7 प्रतिशत का नुकसान उसे हुआ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जब लहराए मेरा तिरंगा

जब लहराए मेरा तिरंगा नभ भी शीश झुकाता है सजदे में मेरे ओ सनम दिल ये दुआएं गाता है। तेरी आन रहे तेरी शान रहे जग में बना स्वाभिमान रहे हिन्दू भी रहे मुस्लिम भी रहे पर पहले सब इंसान रहे। है ख्वाहिश बस इतनी तुझ पे कुर्बान यह जान रहे।

– दिव्या राकेश शर्मा

पीते हैं जो शौक से

पीते हैं जो शौक से ,कुल्हड़ वाली चाय। अनजाने वे देश की ,मिट्टी चूमें भाय। मिट्टी चूमें भाय ,प्रेम अ प ना दिखलाएँ। रोज़गार व्यापार,काम मौके उपजाएँ। पाएँ सोंधी गंध ,चैन से जीवन बीते। प्रकृति पुजारी बैठ,चाय कुल्हड़ में पीते।।

– डॉ बिपिन पाण्डेय

खास पाती

शौर्य शांति सौहार्द में

शौर्य शांति सौहार्द में , रंगा है हर अंग। कहे तिरंगा शान से , जीने का यह ढंग।। भारत माता सुन रहीं , लिये हृदय संतोष। जनगण-मन उल्लास से , करता है जयघोष।। विविध रूप नव रंग में , नित करते अभ्यास।ङ्क देख रहा है राजपथ , वीरों का विश्वास।। धर्म एक ही सत्य जो , घोले सदा मिठास। दुर्गति होती झूठ की , कहता है इतिहास।। पावन सुरभित भूमि की , माटी है अनमोल। जल थल नभबल प्राणमय ,जय भारत माँ बोल।। – शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर'

कितना कुछ बदल गया है

कितना कुछ बदल गया है कि तेरे न होने से भावों में सिमटता हृदय का हर राग हवाओं में भी छाई है एक उदासी सी अब नहीं हंसती आँखें पहले की तरह सहज ही नही होती हृदय की वेदना होती हैं कही एक कोने में एक एकाकीपन जहां बसती हैं तुम्हारी यादें खूली आँखें अब सपने नही हकीकत में जीती हैं अब जीवन उतनी सरल नही हैं जितनी तुमसे मिलकर लगती थी सब बदल गया हां सबकुछ बस एक तेरे न होने से।

– स्निग्धा रूद्रा

भीतर क्षमा हो, तो क्षमा निकलेगी

भीतर क्षमा हो, तो क्षमा निकलेगी भीतर क्रोध हो, तो क्रोध निकलेगा भीतर प्रार्थना हो, तो प्रार्थना निकलेगी भीतर नफरत हो, तो नफरत निकलेगी इसलिए जब भी कुछ बाहर निकले तो दूसरे को दोषी मत ठहराना यह हमारी ही संपदा है जिसको हम अपने भीतर छिपाए हैं।

– कमलकांत डोंगरे

ओढ़ के तिरंगा देह भारती से

ओढ़ के तिरंगा देह भारती से कर नेह देश नाम अपनी जवानी लिख दीजिए। बढ चलो शूर वीर बन महा काल तीर आज फिर जीत की कहानी लिख दीजिए। छेड़ महा संगराम शत्रु का मिटा दो नाम महा राणा वाली शोर्य वानी लिख दीजिए। दानवों का हो विनाश हिंद पुण्य हो प्रकाश भारती के भाल जै भवानी लिख दीजिए।

– सतीश मैथिल तनुज

तेरा ना रहा मैं छोड़ कर सब

तेरा ना रहा मैं छोड़ कर सब तेरे लिये तेरा ना रहा मैं तुझ से भी गया मैं इश्क में और दुनियाँ भी साथ नहीं रही हमारे स्तब्ध हूँ , सोच में गुम हूँ तेरी दीवार से लग कर मंज़िल पर भी पहुँच कर भी ठिकाने ना लगा मैं !!

– निलिमा श्रीवास्तव

प्रेम प्रीत भूलकर ,खुद को न धूलकर

प्रेम प्रीत भूलकर ,खुद को न धूलकर बीज स्नेह के धरती पे बोयाकर। जागी जागी आँखियो से देख जिंदगानी को। पगले चदरिया यूँ तानकर न सोया कर।।

– सविता वर्मा ग़ज़ल

हमारी राह भले ही भयानक और पथरीली हो

हमारी राह भले ही भयानक और पथरीली हो, हमारी यात्रा चाहे कितनी भी कष्टदायक हो, फिर भी हमें आगे बढ़ना ही है। सफलता का दिन दूर हो सकता है, पर उसका आना अनिवार्य है।

– ह्य प्रेरणा त्यागी

लघु कथा- फर्क

मेधा को अपने मायके से आए हुए अभी एक घंटा ही हुआ था कि फोन की घंटी बजी।मेधा ने फोन उठाया-हैलो, कौन?उधर से आवाज़ आई,बहू मैं आपकी सास की सहेली राधा आंटी बोल रही हूँ। मेधा ङ्क नमस्ते आंटी, और आप कैसी हैं? राधा- मैं बिल्कुल ठीक हूँ,पर तुम्हारी सास की तबियत ठीक नहीं है।सुबह ही उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया है।सोचा तुम्हें बता दूँ। तुम्हारी सास तुम दोनों को और अपने पोते को बहुत याद कर रही हैं। मेधा- धन्यवाद आंटी।बहुत अच्छा किया जो आपने बता दिया।मैं माँ जी से मिलने अवश्य आऊँगी।आखिर उनका हम लोगों के अलावा है ही कौन। राधा- ठीक है बहू।मैं तुम्हारी सास को बता देती हूँ। शाम को चार बजे मेधा अपने पति और बेटे के साथ अस्पताल अपनी सास से मिलने पहुँची।अस्पताल में उसे राधा आंटी भी मिली।राधा- बहुत अच्छा किया बहू जो तू आ गई।तुम लोगों को बहुत याद कर रही थीं। लगभग एक घंटा अस्पताल में रुकने के बाद मेधा ने कहा, अच्छा आंटी , अब चलती हूँ। बहुत थकी हुई हूँ। आज सुबह ही मम्मी के घर से आई थी।उनकी भी तबियत बहुत खराब थी,इसलिए एक सप्ताह वहाँ लग गया।भाई तो अमरीका में सर्विस करता है । वह तो आ नहीं सकता था।मुझे ही उनकी देखभाल करनी थी ।पर माँ जी की तबियत खराब होने का समाचार आपने दिया तो अपने आपको रोक नहीं पाई।थकी होने के बावजूद आ गई।सोचा , लोग कहेंगे कि अपनी मम्मी की तबियत खराब थी तो एक हफ्ता रुक कर आई लेकिन सास को देखने भी नहीं गई। राधा ने सुना स्तब्ध रह गई और बोलीं- बहू समय मिले तो फिर देखने आ जाना।ज़िन्दगी का क्या भरोसा?

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1597 - महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। 1780 - भारत का पहला अंग्रेजी अखबार 'हिक्की गजट' या 'बंगाल गजट' प्रकाशित हुआ। 1916 - 'प्रथम विश्व युद्ध' में फ्रांस पर जर्मनी ने पहली बार हमला किया। 1939 - रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान की स्थापना। 1949 - ब्रिटेन ने इज़रायल को मान्यता दी। 1953 - संगीत नाटक अकादमी की स्थापना। 1966 - अमेरिका के उत्तर पूर्वी भाग में बर्फीले तूफान से 165 लोग मरे। 1970 - भारत के प्रसिद्ध निशानेबाज एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का जन्म। 1978 - वायुमंडल की ओजोन परत पर होने वाले दुष्प्रभाव के कारण एयरोसोल स्प्रे को प्रतिबंधित करने वाला पहला देश स्वीडन बना।



पर्यावरण सुधार की श्रृंखला में बनेंगे उद्यान : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पद्मनाभपुर विवेकानंद सभागृह के पास में बहुप्रतीक्षित उद्यान में प्रकाश व्यवस्था, पाथवे, खेल सामग्री व सौंदर्यीकरण के 18 लाख 50 हजार की लागत के कार्यों की विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। शहर में 10 नए उद्यान विकसित करने के साथ ही पुराने गार्डनों के रख रखाव करने से रौनक लौटेगी। विधायक वोरा ने कहा कि पर्यावरण सुधार के लिए उद्यान निर्माण की श्रृंखला में उद्यानों को अच्छी तरह से विकसित करने के लिए विधायक एवं सांसद निधि से और राशि उपलब्ध कराई जाएगी जिससे ग्रीन सिटी की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। निगम क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य लाभ के लिए मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक के लिए सड़कों पर घूमने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जिससे दुर्घटना एवं प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि निगम की नई परिषद के पहले भूमिपूजन में जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कार्य का शुभारंभ किया गया अब यह सिलसिला आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर पहुंचे सभापति राजेश यादव, एमआईसी सत्यवती वर्मा, अब्दुल गनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विधायक वोरा के मार्गदर्शन एवं जनसहयोग से दुर्ग के विकास को नया आयाम देने की बात कही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वार्ड पार्षद कमला शर्मा ने किया।

मैकेथॉन 2020 का हुआ समापन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैंपस में लगातार 18 घंटे तक चले मैकेथॉन.2020 के फाइनल राउंड का समापन हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित छग राज्य के पहले मैकेथॉन.2020 में छत्तीसगढ़ राज्य एवं बंगलुरु, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा समेत देश के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों से करीब 54 चयनित युवा इंजीनीयरो की टीमों में से 8 टीमों का चयन विजेताओं के रूप में किया गया। फाइनल राउंड में डॉ संजय अग्रवाल इगनू नई दिल्ली, डॉ अविषेक अधिकारी आईआईटी भिलाई, प्रभाकर राव, डॉ आरएन पटेल एवं डॉ विवेक गाबा एनआईटी रायपुर फाइनल राउंड के निर्णायक मंडल के रूप में मौजूद रहे। समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रिपल आईटी वाइस चांसलर डॉ प्रदीप कुमार सिन्हा रहे। उन्होंने उद्बोधन में कहा की मैकेथॉन.2020 जैसे आयोजनों से रिसर्च और इनोवेशनस को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने ट्रिपल आई टी में भी रिसर्च के क्षेत्र में किये जा रहे अनूठे प्रयोगों के बारे में भी बताया। फाइनल राउंड में क्रमशः एनआईटी रायपुर की टीम ने प्रथम स्थान, एसएसटीसी की टीम ने द्वितीय एवं बंगलुरु की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन सीएसवीटीयू के टेकिप के तत्वाधान में संयुक्त रूप से कराया गया। इस आयोजन में दोनों ही विभागों के समस्त छात्रों ने उत्साह से अपना भरपूर सहयोग दिया। निर्णायकों ने भी छात्रों के इंनोवेशन्स पर किये गए कामों की काफी सरहना की। आयोजन में करीब 15 तकनीकी एवं गैर.तकनीकी संस्थानों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया है संस्था की प्रेसीडेंट जया मिश्रा ने आयोजन की सफलता पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया। संस्था के चेयरमैन आईपी मिश्रा ने भी अपने उद्बोधन में इस आयोजन पर पूरे देश से मिले टीमों के रिस्पांस पर हर्ष व्यक्त किया और रिसर्च की प्रासंगिकता का भी महत्त्व बताया।

न्यूज गैलरी

31 से 'अलविदा डायबिटीज' शिविर

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बघेरा रेलवे क्रासिंग के पास स्थित नवनिर्मित भवन आनंद सरोवर में 31 जनवरी को संध्या 6.30 बजे से प्रारंभ हो रहे अलविदा डायबिटीज निःशुल्क शिविर हेतु रजिस्ट्रेशन 30 तक आनंद सरोवर में किया जायेगा। शिविर प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीमंत साहू, ग्लोबल हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर माउण्ट आबू (राजस्थान) के सानिध्य में होगा।

शशिमोहन की फिल्म धुआँ की शूटिंग शुरू

भिलाईनगर। आम जनमानस को अपने कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए लघु फिल्म धुआँ का निर्माण किया जा रहा है। जिले में पूर्व में पदस्थ रहे शहर पुलिस कप्तान शशिमोहन सिंह जो किए वर्तमान में नौवीं सशस्त्र बटालियन के कमाण्डेन्ट हैं फिल्म के अभिनेता एवं निर्देशक हैं। खास बात यह है किए इस फिल्म की शूटिंग विगत दिनों भिलाई में की गई। फिल्म का निर्माण राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिवर्ष नॉमिनेशन हेतु बनायी जा रही है। फिल्म में नशे के खिलाफ लड़ाई को दर्शाया गया है जिससे आम जनमानस नशे के विरूद्ध खड़ा हो सके। मुख्य भूमिका शशि मोहन सिंह, शरद श्रीवास्तव, रूचिका कंबोज, प्रशांत तिवारी, आर्यन ने निभायी है।

महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। परिषद की बैठक महापौर देवेंद्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। सेक्टर दो स्थित राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का संचालन, संधारण एवं कोच उपलब्ध कराने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति बुलाए जाने महापौर परिषद की बैठक में विषय को जोन क्रमांक 3 द्वारा लाया गया। राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है जिसमें दिन और रात दोनों ही समय खिलाड़ी अपनी खेल का अभ्यास कर सकते हैं। स्पोर्ट कांप्लेक्स 6000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है जिसमें एक भव्य प्रवेश द्वार है, बैठक व्यवस्था के लिए कुर्सियां मौजूद है, इसकी क्षमता 1000 लोगों की बैठने की है, चारों तरफ से जालियों से इसे घेरा गया है अंदर में एस्ट्रोटर्फ घास लगाया गया है, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पिकल बाल, मिनी फुटबॉल एवं बास्केटबॉल जैसे खेल का अभ्यास किया जा सकता है, इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को बेहतर बनाए रखने के लिए संचालन एवं संधारण किया जाना भी आवश्यक है। इस विषय पर महापौर परिषद के सदस्यों ने चर्चा कर सहमति प्रदान की है। वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में करुणा अस्पताल से गौरव पथ तक विकास कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति पर परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। जोन क्रं. 3 क्षेत्र अंतर्गत पूर्व से निर्मित शाला भवन, पंप हाउस जो कि वर्तमान में काफी जर्जर हो चुकी है एवं घटना, दुर्घटना होने की आशंका व्यक्त की गई है तथा इस भवन का उपयोग नहीं होने के कारण इन भवनों तोड़ने के लिए प्रकरण महापौर परिषद में लाया गया। वार्ड क्रमांक 20 शासकीय प्राथमिक शाला कैंप वन बाल मंदिर, वार्ड 21 शाप्राशा जेपी नगर, वार्ड 21 सुंदर नगर गुरुद्वारा के पास कैंप वन का पंप हाउस, वार्ड 21 का पंप हाउस तथा वार्ड 25 शासकीय मिनीमाता प्राथमिक शाला विवेकानंद नगर के सात जर्जर भवनों को तोड़ने की अनुमति पर चर्चा की गई।

बैठक में नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, सूर्यकांत सिन्हा, दिवाकर भारती, जोहन सिन्हा, सुभद्रा सिंह, सुशीला देवांगन, सदीरन बानो, अधीक्षण अभियंता आरके साहू एवं सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी मौजूद थे।

लगाया जुर्माना

भिलाई 3। नपा निगम भिलाई चरौदा क्षेत्रातंर्गत हथखोज मुख्य बाजार से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल एवं पानी पाउच विक्रय करते पाये गये व्यापारियों के प्रतिष्ठानो पर जॉच के दौरान 38 बोरी पानी पाउच एवं 19 बंडल डिस्पोजल जब्त कर उन व्यवसायियों के ऊपर जुर्माना लगाकर राशि 8600 वसूला गया। आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर एवं अश्वनी चंद्राकर ने प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय नही करें।

मतदान...

भिलाई (नवप्रदेश)। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए प्रथम चरण में हुए मतदान में धनोरा गांव के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए।

फोरम ने लगाया 1.71 लाख का हर्जाना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। किसान द्वारा खरीदा गया नया पेडी थ्रेशर खराब निकला, जिसकी शिकायत करने पर दुकानदार ने मरम्मत कराई फिर भी थ्रेसर ने ठीक से काम नहीं किया इसे व्यवसायिक कदाचरण एवं सेवा में निम्नता का परिचायक मानते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये एवं लता चंद्राकर ने थ्रेसर निर्माता गुरु हिंदुस्तान एग्रो इंडस्ट्रीज (पंजाब) और स्थानीय दुकानदार आशुतोष इलेक्ट्रिकल्स पर 1.71 लाख हर्जाना लगाया। ग्राम कुर्मीगुंडरा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी मिलेंद्र कुमार साहू ने गंजपारा दुर्ग स्थित आशुतोष इलेक्ट्रिकल्स से नया पेडी थ्रेशर 02 अक्टूबर 2017 को 1.60 लाख में खरीदा। दुकानदार के मिस्त्री द्वारा खेत में थ्रेसर को सेट करने के बाद जब किसान ने धान मिंजाई का कार्य शुरू किया तो उसमें कंसी एवं बदरा धान आने लगा जिसकी शिकायत परिवादी ने दुकानदार से की, जिसके बाद पेडी थ्रेशर की मरम्मत की गई इसके बाद भी थ्रेसर सही काम नहीं कर रहा था तब दुकानदार के मिस्त्री द्वारा थ्रेसर में कई प्रकार का सुधार किया गया परंतु ठीक से काम नहीं करने पर इंजीनियर को बुलाकर मरम्मत कराई गई पर थ्रेसर ठीक नहीं हुआ। थ्रेसर में मैन्युफैक्चरिंग डिफॉल्ट था। अनावेदक दुकानदार ने प्रकरण में उपस्थित होकर कहा कि परिवादी के थ्रेसर में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं थी, परिवादी ने थ्रेसर खराब होने के संबंध में किसी भी विशेषज्ञ का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया है। अनावेदक निर्माता कंपनी गुरु हिंदुस्तान एग्रो इंडस्ट्री मलोट पंजाब प्रकरण में अनुपस्थित रही। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों और प्रमाणों के आधार पर जिला उपभोक्ता फोरम ने विचारण के दौरान पाया कि थ्रेसर में खराबी आई फोटोग्राफ्स और सीडी से प्रमाणित है, थ्रेसर से धान की बाली निकल रही थी जो थ्रेसर में खराबी होने का स्पष्ट प्रमाण है।

एसएसबी जवानों ने सेलिब्रेट किया गणतंत्र दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सशस्त्र सीमा बल, क्षेत्रीय मुख्यालय ने 71वां गणतंत्र दिवस मनाया जिस खास मौके पर वी विक्रमन उपमहानिरीक्षक, अशोक ठाकुर कमांडेंट, स्वर्णजीत शर्मा द्वितीय कमान अधिकारी, नीरज कुमार उपकमांडेंट, रमेश सरावत उपकमांडेंट (संचार), डिग्घाडे एसआर उपकमांडेंट एवं क्षेत्रीय मुख्यालय एसएसबी भिलाई के सभी कर्मचारी एवं उनके परिवार उपस्थित थें। सबसे पहले उपमहानिरीक्षक के द्वारा ध्वजारोहन किया एवं गार्ड ऑफ ऑनर लिया। उपमहानिरीक्षक ने बलकर्मियों एवं उनके परिवारों को भारतीय राष्ट्रीयता के महापर्व गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाऐं दिया।

तिरंगी छटा से सुशोभित हुआ शारदा विद्यालय : भिलाई। शारदा विद्यालय, रिसाली में 71वॉ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समूचा विद्यालय परिसर तिरंगी छटा से सुशोभित था। उत्सव की शुरूआत मुख्य अतिथि शकुन्तला ग्रुप ऑफस्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा के द्वारा ध्वजारोहण कर की गई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./477/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 202001100400129

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रहलाद राम जंघेल आ. लक्ष्मण जंघेल निवासी भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 576/11 रकबा 0.012 हे. अर्थात 1250 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./478/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 202001100400128

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री ठाकुर दीन आ. नर्मदा प्रसाद देवांगन निवासी भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 566/17 रकबा 0.011 हे. अर्थात 1150 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./479/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 202001100400133

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गायत्री बाई साहू पति जीवनराम साहू निवासी जामुल द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 576/16 रकबा 0.011 हे. अर्थात 1250 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./474/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 202001100400132

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती संगीता अग्रवाल पति श्री महेश कुमार अग्रवाल निवासी भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 566/16 रकबा 0.013 हे. अर्थात 1417 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

//शपथपत्र//

मैं शपथकर्ता झुमुकलाल ठाकुर उम्र करीबन वर्ष पिता स्व. परदेशी राम ठाकुर जाति हल्बा निवासी ग्राम डाबाडीह पोस्ट हल्दी तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.) का रहने वाला हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त दर्शित पते का निवासी हूं।
2. यह कि पुराना नाम मेरा झुमुक लाल पिता परदेशी राम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम झुमुक लाल ठाकुर पिता स्व. परदेशी राम ठाकुर है जो कि सही व सत्य है।
4. यह कि मुझे पूर्व नाम के स्थान पर अपना वास्तविक व सही नाम झुमुकलाल ठाकुर पिता स्व. परदेशी राम ठाकुर जाने, पहचाने, समझे जाने के समर्थन में तथा शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम झुमुकलाल ठाकुर किये जाने की सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान् सक्षम प्राधिकारी महोदय, के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

झुमुकलाल
शपथकर्ता

कार्यालय पुलिस अधीक्षक,
स्पेशल टास्क फोर्स बघेरा, दुर्ग (छ.ग.) पिन नंबर-491001
// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा क्र.-पुअ/एसटीएफ/बघेरा/दुर्ग/साअ/I-1159-K /20 — दिनांक 23.01.2020

छत्तीसगढ़ राज्यपाल की ओर से पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. बघेरा, दुर्ग के द्वारा मुहरबंद निविदा नीचे दर्शित सामग्री क्रय हेतु योग्य निविदाकारों से निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्रय की जाने वाली सामग्री :-

क्रमांक	सामग्री का नाम	Qty	EMD in Rs
1.	कुलींग कैप	2000 नग	30000/-

निविदाकारों के द्वारा सामग्री के लिए 500/- (पांच सौ रुपए मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/ शेड्यूल्ड बैंक द्वारा ईशू हो पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. बघेरा, दुर्ग छत्तीसगढ़ के नाम पर देय होगा।
पुलिस अधीक्षक,
स्पेशल टास्क फोर्स बघेरा, दुर्ग
(छ.ग.) पिन नंबर-491001

नीचे दर्शित समय सारणी के अनुसार आमंत्रित किए गए निविदा में समस्त दस्तावेज पूर्ण कर सील बंद लिफाफे में निविदा फार्म जमा किया जाए-

निविदा की समय सारणी

1	निविदा फार्म जमा करने का पता	पुलिस अधीक्षक, स्पेशल टास्क फोर्स बघेरा, दुर्ग (छ.ग.) पिन नंबर- 491001
2	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय	10.02.2020 समय सायं 5.00 बजे तक
3	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय	11.02.2020 अपरान्ह 3.00 बजे तक
4	टेक्निकल बिड खोले जाने का स्थान, समय एवं तिथि	कार्यालय पुलिस अधीक्षक, स्पेशल टास्क फोर्स बघेरा, दुर्ग (छ.ग.) 11.02.2020 अपरान्ह 4.00 बजे
5	फायनेंसियल बिड खोले जाने का स्थान, समय एवं तिथि	पृथक से सूचित किया जायेगा
6	बिड की वैधता दिनांक	31.03.2020 तक

नोट :-
1. किन्ही कारणों से यदि निविदा खोलने के तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है, तो दूसरे कार्यालयीन दिवस पर निविदा खोली जावेगी।
2. डाक द्वारा भेजा गया निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

जी-76430/3 — **पुलिस अधीक्षक, एस.टी.एफ. बघेरा, दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दिलीप आ. मेहत्तर साकिन उमदा तहसील पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 432/4 रकबा 0.050 हें. अर्थात वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.02.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./480/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 202001100400134

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ब्यूटी मंडल पति अमित मंडल निवासी जामुल द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 507/11 रकबा 0.018 हे. अर्थात 2000 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./475/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 202001100400131

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती नीरा साहू पति श्री तकेश्वर साहू निवासी जामुल द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 969/33 रकबा 0.008 हे. अर्थात 840 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./476/अ-2/ वर्ष 2019-20
ऑनलाईन पंजी. 202001100400130

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुनीता यादव पति श्री श्यामचंद यादव निवासी भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की ग्राम जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 568/11 रकबा 0.009 हे. अर्थात 1000 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कोम्पेल्ला वेकट लक्ष्मी पति एन वेकटेश्वर निवासी भिलाई मौजा उरला प.ह.न. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 788/7 रकबा 0.032 हें के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 20.08.2000 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 19.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/ जलाऊ काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
दक्षिण कोंडागांव	कोंडागांव काष्ठागार	07/02/2020, प्रात: 9.00 बजे से

प्रजाति	नया वनोपज			अविक्रित वनोपज			योग		
	ई.काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई.काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
सागौन	31.095	164	10	25.633	310	265	56.728	474	275
साल	140.723	1171	513	99.550	2547	478	240.273	3718	991
बीजा	11.740	4	2	16.904	11	4	28.644	15	6
साजा	12.963	59	2	1.973	0	0	14.936	59	2
हल्दू	0.057	1	0	0.552	0	0	0.609	1	0
नीलगिरी	0.196	11	0	1.878	0	0	2.074	11	0
अन्य	42.046	207	16	12.898	81	26	54.944	288	42
योग :-	**238.82**	**1617**	**543**	**159.388**	**2949**	**773**	**398.208**	**4566**	**1316**

जिला यूनियन दक्षिण कोंडागांव के गिरिराज कोल्डस्टोर, कोण्डागांव में भण्डारित वनोपज का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय के शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	अविक्रित वनोपज का नाम	संग्रहण वर्ष	वनोपज की मात्रा
1	चिरौंजी दाना	2012	41,600 (किलोग्राम)

दूरभाष क्रमांक -दक्षिण कोंडागांव वनमंडल (07786-242303)

(1) प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रुपए इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2018 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
(3) विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस, GST कर एवं आयकर पेन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्कआर्डर जारी किया जावेगा।
(4) नीलाम में क्रय किए गए लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
(5) GST की राशि का भुगतान पृथक से दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल कोण्डागांव के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो कोंडागांव में देय हो, तैयार कर भुगतान करना होगा।

जी-76429/5 — **वनमंडलाधिकारी, दक्षिण कोंडागांव वनमंडल कोंडागांव**

न्यूज गैलरी

कलेक्टर मौर्य ने कलेक्टोरेट परिसर में किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने गणतंत्र दिवस पर संयुक्त जिला कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मौर्य ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकमानाएं दी। कलेक्टर ने ध्वजारोहण के पूर्व कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, अपर कलेक्टर ओंकार यदु सहित विभिन्न विभागों के जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरयूपारीण ब्राम्हण समाज की बैठक संपन्न

राजनांदगांव। 26 जनवरी दिन रविवार को स्थानीय लखोली निवासी प. महेप्न्द्र पांडे के निवास पर सरजूपारीण ब्राम्हण समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आने वाले महीने में भगवान परशुराम जयंती में भव्य रूप से कार्यक्रम कराए जाने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शीघ्र ही एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करने का भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में समाज को एकजुट और मजबूत करने पर सभी ने जोर दिया। बैठक में मुख्यरुप से पंडित रघुनाथ पांडे, पं. राम कुबेर मिश्रा, पं. अभय मिश्रा, पं. वीरेंद्र मिश्रा, पं. कमलेश त्रिपाठी, पं. अमित गौतम, पं. कप्तान मिश्रा, पं. राजकुमार पांडे, पं. सुशील पांडे, पं. महेन्द्र पांडे, पं. अंकित पांडे, पं. आशीष पांडे, पं. अभय मिश्रा जी, पं. अनिल मिश्रा, पं. अंबिका तिवारी, पंडित वीरेंद्र दत्त मिश्रा, पं. राजा राम शास्त्री जी मौजूद रहे।

महिला को धमकी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। महिला से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी की शिकायत पर पुलिस ने क्लबपारा निवासी पीयूष परोहा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। क्लबपारा निवासी हर्षा सोरकेवार (30) के अनुसार रविवार शाम 8 बजे पीयूष ने नशे में पुरानी रंजिश पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीयूष के खिलाफ धारा 294, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अग्निदग्धा की उपचार के दौरान मौत

महासमुंद। अग्निदग्धा महिला की उपचार के दौरान रायपुर मेकाहारा में मौत हो गई। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम मालीडीह निवासी आरती डोंगरे पति प्रहल्लाद को (22) को 6 नवंबर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

गिरने से युवक की मौत

महासमुंद। नशे में मुंह के बल गिरने से युवक की मौत हो गई। सरायपाली थाना क्षेत्र के बालसी में रविवार दोपहर डेढ़ बजे गांव के भगवानो उर्फ मूनू खुंटे की लाश मिली। बताया जाता है कि युवक नशे में जमीन पर गिरा और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।

बाइक से गांजा परिवहन करते 1 गिरफ्तार

महासमुंद। ओडिशा से गांजा खरीदी कर गांजा ले जा रहे जांजगीर-चांपा के एक युवक को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 6.74 किलो गांजा बरामद किया गया है। बसना पुलिस के अनुसार 26 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली की एक बाइक सवार ओडिशा से गांजा खरीदकर बसना के रास्ते जांजगीर जाने वाला है। सूचना पर बसना थाने में पदस्थ एएसआई शिवप्रसाद और उनकी टीम ने बसना के बंसुला चौक के पास वाहनों की जांच शुरू की तभी ओडिशा की ओर से आ रही बिना नंबर की बाइक को रोका। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम सन्नी पाण्डे, उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड 6 जांजगीर बताया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि बाइक की सीट गायब थी, जिसके स्थान पर गांजे के पैकेट से सीट बनाया गया था। पुलिस ने जब उसकी जांच तो उसमें से 7 पैकेट प्लास्टिक सफेद रंग की झिल्ली में भरा हुआ गांजा मिला। जब्त गांजा 6.74 किलो है और उसकी कीमत 33700 रुपए है। पुलिस आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

कौंदकेरा में लहराया तिरंगा

महासमुंद। ग्राम कौंदकेरा में विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकाल कर छह स्थानों पर ध्वजारोहण किया। मानस भवन में समाजसेवी अरूण चन्द्राकर, मिनी आंगनबाड़ी व आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में लक्ष्मी चन्द्राकर व कामिन बाई, पंचायत भवन में सचिव चिन्ता राम निषाद, प्राथमिक शाला में प्रधानपाठिका शकुं तला चन्द्राकर व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधान पाठक ताराचंद कौशिक ने ध्वजारोहण किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 98 विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिन्दुस्तान की' में पीटी प्रर्दशन कर सभी का मन मोह लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात् मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश भारती गोस्वामी व आभार प्रदर्शन शिक्षक आत्मा राम साहू ने किया।

आचार संहिता का उल्लंघन, सरपंच-सचिव को नोटिस

महासमुंद। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सरपंच, सचिव को जनपद सीईओ ने नोटिस जाारी किया है। बसना ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिरसिंगपाली के ग्रामीण ने जनपद सीईओ को मौखिक शिकायत कर बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद भी उनके पंचायत में मुरमीकरण का नवीन कार्य करवाया जा रहा है। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जनपद सीईओ बसना ने सरपंच-सचिव को नोटिस जारी कर वर्तमान में पंचायत निर्वाचन के दौरान नए कार्य पर प्रतिबंध लगाया है। साथ ही सरपंच-सचिव को नोटिस जारी कर तत्काल मुरमीकरण और नए कार्य को बंद करवाने कहा है। नोटिस में लिखा है कि निर्देश के बावजूद कार्य बंद नहीं किया जाता है तो सरपंच व सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गणतंत्र दिवस परेड में आईटीबीपी प्लाटून को प्रथम पुरस्कार

राजनांदगांव। गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में आर्म्स प्लाटून के साथ-साथ एनसीसी की विभिन्न टूकड़ियों ने हिस्सा लिया। सशस्त्र प्लाटून वर्ग में आईटीबीपी प्लाटून को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। द्वितीय स्थान पर पीटीएस राजनांदगांव का दल रहा। परेड में दिग्विजय कॉलेज एनसीसी सीनियर डिविजन को प्रथम पुरस्कार मिला। सर्वेश्वरदास नगर पालिका स्कूल तथा महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल गर्ल्स एनसीसी प्लाटून को संयुक्त रूप से दूसरा स्थान मिला।

तीन महीने में 7 चोरी, 6 युवक गिरफ्तार

शहर व आसपास होने वाली चोरियों का खुलासा

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। पिछले तीन महीने में पिथौरा शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हुई 7 चोरी की घटनाओं में शामिल युवकों को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन चोरियों में शामिल 6 युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। साथ ही घटना में शामिल कुछ अन्य युवक फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। रविवार को पिथौरा एसडीओपी पुप्लेश पात्रे ने थाना परिसर में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक नोहर निषाद निवासी मुढ़ीपार को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया था। वह संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था। हिरासत में नोहर ने पिथौरा शहर और आसपास हुई चोरी की घटना के बारे में जानकारी दी और घटना में शामिल अन्य युवकों के बारे में बताया। नोहर की निशानदेही पर अन्य युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसडीओपी ने बताया कि नोहर के बताए अनुसार दीपक दीवान खुसरूपाली, दीपक दुबे बडग़ांव चौकी बया, दुर्गेश ठाकुर उर्फ चंदू, राजेश ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर, देवेंद्र उर्फ टोबो तेंदूकोना निवासी को गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय में पेश किया गया। इसमें से देवेंद्र और दीपक दीवान दोनों मास्टर माइंड हैं। जिन्होंने तीन महीने में पिथौरा नगर सहित आसपास चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने मिलकर 7 स्थानों से कुल 1.53 लाख रुपए के सामान और नगदी की चोरी की थी। उपरोक्त कार्रवाई थाना प्रभारी कमला पुसाम के नेतृत्व में एसआई मनोरथ जोशी, एएसआई शत्रुघन ध्रुव, एचसी मुकेश पटनायक, चंचल बंसवार, आरक्षक सौरभ बंसवार, दाऊलाल चक्रधारी, मनोज प्रजापति, नरेश जोशी, अजय नेताम, राजेंद्र सिदार, घनश्याम निराला, चेतन ठाकुर, जुनैद खान ने की।

जरूरतमंद लोगों के हित में काम करना प्रेरणादायक : सुश्री उईके

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। मानवीय संवेदनाओं की भावना के साथ समाज के जरूरतमंद लोगों के हित में काम करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को समाज में हमेशा सम्मान मिलता है। व्यक्तियों और संस्थाओं के नाम इतिहास में अमर हो जाते हैं। मानव सेवा के लिए कार्य करने वाले लोगों को सब याद करते हैं। यह बड़ा पुण्य का काम होता है। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण-प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान 'अभिलाषा' के रजत जयंती वर्ष समारोह में इस आशय के विचार व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता राजनांदगांव नगर निगम की महापौर हेमा देशमुख ने की। समारोह में लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राज्यपाल सुश्री उईके ने कहा कि अभिलाषा संस्था द्वारा मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित होकर कार्य किया जा रहा है। संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री अब्दुल्ला युसूफ और उनके सहयोगियों का यह कार्य प्रेरणा दायक है।

गरिमामय ढंग से उल्लास पूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। राजनांदगांव जिले में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्ष, उल्लास और गरिमामय पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय के सर्वेश्वरदास नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री तथा वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। श्री शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया और शांति के प्रतीक कबूतर छोड़े। विकास के प्रतीक स्वरूप रंग-बिरंगे गुब्बारे भी उड़ाए गए। समारोह में नगर निगम राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, राजगामी संपदा के अध्यक्ष विवेक वासनिक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली बच्चे तथा आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य एवं पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड में आर्म्स प्लाटून के अंतर्गत आईटीबीपी, सीएएफ बल, जिला पुलिस बल, पीटीएस राजनांदगांव, नगर सेना, जिला महिला पुलिस बल, एनसीसी में दिग्विजय महाविद्यालय सीनियर डिविजन नेवी, दिग्विजय महाविद्यालय और कमला महाविद्यालय की गर्ल्स सीनियर डिविजन एनसीसी, सीनियर डिविजन बॉयज एनसीसी, एनसीसी स्टेट स्कूल, एनसीसी सर्वेश्वरदास नगर पालिका स्कूल तथा एनसीसी डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूल प्लाटून तथा बैण्ड प्लाटून शामिल हुए।

नक्सल हिंसा में शहीद 34 जवानों के परिजन सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में नक्सल हिंसा में विभिन्न बलों के शहीद 34 जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सत्यनारायण शर्मा ने शॉल और श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। समारोह जिला मुख्यालय के सर्वेश्वर दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर निगम के मैदान में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने शहीद निरीक्षक विनोद ध्रुव, शहीद आरक्षक लोकेश कुमार साहू, शहीद प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर रंगारी, शहीद आरक्षक अनिल देवांगन, शहीद प्रधान आरक्षक मधुशंकर बुराड़े, शहीद नव आरक्षक लालसाय पुरामे, शहीद आरक्षक कृषलाल साहू, शहीद आरक्षक गणेश्वर सिंह, शहीद आरक्षक नवाब खान, शहीद आरक्षक प्रकाश वर्मा, शहीद प्रधान आरक्षक ठामन सिंह, शहीद आरक्षक टोमन सिंह, शहीद आरक्षक सोहन लाल कतलम, शहीद आरक्षक राजकुमार यादव, शहीद आरक्षक संदीप यदु, शहीद आरक्षक सुभाष कुमार मंडावी, शहीद आरक्षक अश्वनी सिंह, शहीद आरक्षक नरपत बोगा, शहीद आरक्षक धनेश्वर यादव के परिजनों को किया गया सम्मानित।

स्कूलों में योग शिक्षक भर्ती की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। स्कूलों में नियमित योग शिक्षकों की भर्ती की मांग को लेकर योग प्रशिक्षणार्थियों ने विधायक विनोद सेवन लाल चन्द्राकर से मुलाकात की। जिस पर विधायक श्री चन्द्राकर ने इस मामले में शासन का ध्यान आकर्षित कराने का आश्वासन दिया। सोमवार को योग प्रशिक्षणार्थी कपिल पेंदारिया, सलमान खान, नन्दनी ध्रुव, नोखेलाल विश्वकर्मा, राहुल चन्द्राकर, अजय दोण्डेकर आदि विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक श्री चन्द्राकर से मुलाकात की। इस दौरान योग प्रशिक्षणार्थियों ने विधायक श्री चन्द्राकर को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले 8-10 सालों से स्कूलों में योग पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन योग शिक्षकों के अभाव व अकुशल शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे योग पाठ्यक्रम की उपयोगिता को लेकर सवाल उठ रहा है।

नाबालिग से छेड़छाड़, दो फरार

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। नाबालिग को सुनसान जगह में ले जाकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी महमूद फुलारा और उसके साथी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामले में दोनों आरोपी फरार हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी महमूद फुलारा में अपने रिश्तेदार के यहां कार्यरत नाबालिग बालिका को अपने पानी फैक्ट्री में कार्य करने की बात कही। बाद में बालिका द्वारा कार्य छोड़ दिए जाने पर 24 जनवरी को महमूद फुलारा ने अपने साथी की मदद से उसे कार में जबरन बिठाकर जंगल में ले जाकर छेड़छाड़ की। बालिका के शोर मचाने के बाद वहां से भागने में सफल हुई। बाद 25 जनवरी को आरोपी महमूद फुलारा उसके घर पहुंचा और उसे अकेली सोया हुआ पाकर छेड़छाड़ का प्रयास करने लगा। बालिका के मना करने पर आरोपी महमूद फुलारा और सह आरोपी अज्ञात ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपी की हरकतों से परेशान नाबालिग ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। बालिका और परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने महमूद फुलारा और उसके साथी खिलाफ धारा 363, 354, 454, 506/34, पाक्सो एक्ट 08 के तहत अपराध दर्ज किया है।

निगम में महापौर हेमा देशमुख ने किया ध्वजारोहण

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा प्रातः 7.30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊनहाल में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में टाउन हाल में ध्वजारोहण किया गया तथा गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

टाऊन हाल में आयोजित समारोह में पूर्व महापौर अजीत जैन, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, श्रीमती सुनिता फड़नवीस, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, राजेश गुप्ता, पार्षद शिव वर्मा, शरद सिन्हा, गप्पू सोनकर, विजय राय, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, श्रीमती पुणिमा नागदेवे, किशुन यदु, पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल की उपस्थिति में महापौर श्रीमती देशमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात उपस्थितजनों द्वारा राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।

प्रत्याशी के घर से 70 लीटर शराब बरामद

महासमुंद। चुनाव में लोगों को बांटने के लिए घर में छिपा कर भारी मात्रा में रखी शराब पिथौरा पुलिस ने बरामद की है। 25 जनवरी की शाम बरेकेल खुर्द में में एक प्रत्याशी और उसके पड़ोसी को शराब के साथ पकड़ा। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव पहुंच मकान की तलाशी ली, जिसमें एक बोरी में 98 पौव्वा देशी प्लेन, 110 पौवा अंग्रेजी शराब, प्लास्टिक झोला में 53 पौव्वा, दो जरीकेन में 20 लीटर महुआ शराब कुल 70 लीटर शराब बरामद की। बताया जाता है कि नंदकुमार ठाकुर और उसके पड़ोसी गणेश साहू ने चुनाव में शराब बांटने के लिए रखे थे।

स्कूली बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। 71वें गणतंत्र दिवस पर स्थानीय नगर पालिका स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों के जरिए राष्ट्र भक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण, छत्तीसगढ़ की महिमा और सुराजी गांव योजना के महत्व के बारे में बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुतिकरण किया गया।

समारोह में एकलव्य आवासीय विद्यालय राजनांदगांव की प्रस्तुति को पहला पुरस्कार दिया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के विद्यार्थियों के देश भक्तिपूर्ण कार्यक्रम को दूसरे स्थान के लिए चयन किया गया। स्टेट स्कूल राजनांदगांव के बच्चों के कार्यक्रम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समारोह में युगांतर पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पहले शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सूर्य नमस्कार के साथ आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन भी किया।

कार्यक्रम | हल्दी-कुमकुम लगा लिया एकता का संकल्प

छत्तीसगढ़ मराठा समाज महासमुंद ईकाइ का हल्दी-कुमकुम संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। छत्तीसगढ़ मराठा समाज महासमुंद इकाई द्वारा शनिवार को ईमलीभाठा में हल्दी-कुमकुम एवं सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां भवानी और क्षत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा अर्चना, जय भवानी -जय शिवाजी के नारे से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। पश्चात समाज की महिलाओं ने एकजुट होकर समाज विकास में सहयोग करने का संकल्प ली। इस अवसर पर श्रीमती स्वाति पवार, श्रीमती रामेश्वरी घाड़गे, वंदना थिटे, सीमा इंगोले, कल्पना इंगोले, श्रीमती पूनम पवार, श्रीमती अनिता घाड़गे, श्रीमती मीना पवार, श्रीमती रोहिणी घाड़गे, श्रीमती मालती भोसले, मोनिषा गड़ाक, मनीषा राव, माधुरी, माया भोसले, दिव्या इंगोले, अनिता पवार, मीना पवार, मनीषा पवार, माधुरी पवार, संध्या शेल्के, श्रीमती शोभा घाड़गे, श्रीमती नीता भोसले, छमा पवार माया भोसले, दिव्या इंगोले, ज्योति पवार, श्रीमती बबीता घाड़गे, त्रिवेणी गायकवाड़, भारती महाड़ीक, मीना काले, नेहा भोसले आदि सामाजिक शामिल हुई। हल्दी-कुमकुम के बाद महिला मण्डल का गठन और 19 फरवरी क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए चर्चा की गई। महिलाओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए संगठित होकर जागरूकता फैलाने, सामाजिक और धार्मिक कार्य में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान जयंती में समाज की अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी रहे इसके लिए घर-घर जाकर निमंत्रण देने रूपरेखा तैयार की गई।

इनका रहा सहयोग

हल्दी-कुमकुम एवं सामाजिक मिलन समारोह को संपन्न कराने के लिए समाज जिलाध्यक्ष गोवर्धन राव इंगोले, जिला सचिव राजेंद्र राव घाड़गे, जिला संरक्षक प्रलय थिटे, उपाध्यक्ष्य द्वय राजेंद्र इंगोले, आनंद भोसले, कोषाध्यक्ष भूषणराव भोसले, सहसचिव दुष्यंत राव घाड़गे, डीसी राव भोसले, महावीर पवार, रमेश इंगोले, रामेश्वर पवार, यशवंत घाड़गे, राजू भोसले, शिव भोसले, दिनेश राव भोसले, रामकिशन भोयर, राहुल भोसले, कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन एवं आयोजन को सफल बनाने सभी का धन्यवाद ज्ञापित जिला सचिव राजेंद्र घाड़गे ने किया।

न्यूज गैलरी

छग कैडेट एवं जूनियर कुराश टीम की घोषणा

भाटापारा। छत्तीसगढ़ कैडेट एवम जूनियर कुराश बालक - बालिका टीम की घोषणा 25 जनवरी 2020 को छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश संघ के सचिव आदित्य सिंह ने की चयनित खिलाड़ियों में कैडेट बालिका देवमती यादव, ममता दोलाई, गीतिका कश्यप, रोशनी वैष्णव कैडेट बालक समीर घृतेश, योगेश पुरैना, अविनाश ध्रुव, मयंक यादव, देवकुमार वर्मा जूनियर बालिका पारुल सैनी ,रुपाली टंडन, जूनियर बालक राकेश गेंदले, राजा ध्रुव, रोहित सोनकर, भूपत साहू, मो अयान, उज्ज्वल मानिकपुरी, टीम कोच गोपी देवांगन, वर्षा मिरी, उक्त घोषित खिलाड़ी 28 से 30 जनवरी तक उज्जैन में भारतीय कुराश महासंघ, एवम मध्यप्रदेश कुराश संघ के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा होंगे।

पेंशनर भवन में हुआ ध्वजारोहण

भाटापारा। 71 वें गणतंत्र दिवस पर छग पेंशनर कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनर भवन में वरिष्ठ पेंशनर बी के दीक्षित के करकमलो से ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ पश्चात उपस्थित पेंशनरों के व्दारा जयघोष के साथ समवेत स्वरो में राष्ट्रगान किया गया

। प्रारंभ में बी के दीक्षित व्दारा भारतमाता महात्मागांधी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया तत्पश्चात बी के दीक्षित के मुख्य आतिथ्य नंदकिशोर शर्मा वरिष्ठ पत्रकार की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पेंशनर बीआर चंदेल के विशेष आतिथ्य में पेंशनरों के व्दारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मंशाराम ध्रुव ,नारायण साहू एवं सुनील तिवारी का छग पेंशनधारी कल्याण संघ व्दारा राष्ट्रीय पर्व के पावन अवसर पर उनकी देश सेवा के लिये किये गये

पालक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

भाटापारा। आई आर यादव शास बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा मे छात्र पुलिस क्रेडेट कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम के मुख्यअतिथि एसडीओपी एवं नोडल अधिकारी एसपीसी बलौदाबाजार राजेश जोशी, विशेष अतिथि थाना शहर प्रभारी महेश कुमार ध्रुव , अध्यक्षता प्राचार्य श्री दिनेश कुमार शर्मा ने किया ।

मैराथन दौड़ प्रतियोगिता 30 को

कवर्धा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय मैराथन दौंड का आयोजन 30 जनवरी को प्रातः 7.30 बजे से एस.पी. कार्यालय के सामने से सरोधा रोड कवर्धा जिला कबीरधाम में किया जायेगा। जिला स्तर पर विजेता धावकों को पुरस्कार प्रदाय किया जावेगा, जिसमें प्रथम पुरूष एवं महिला को पांच-पांच हजार रूपये, द्वितीय को 2500-2500, तृतीय को 1500-1500 चतुर्थ स्थान को 1000-1000 और पंचम स्थान को 500-500 रूपये, छठवां से दसवां स्थान को 250-250 रूपये प्रदान किये जायेंगे। जिला स्तर पर मैराथन दौंड पुरूष वर्ग के लिए 20 किलोमीटर एवं महिलाओं के लिए 10 किलोमीटर दौंड होगी।

आकर्षण का केन्द्र बनी पुलिस विभाग की झांकी

धमतरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह एकलव्य खेल परिसर में आयोजित किया गया ।जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा झांकियां प्रदर्शित की गई ।इस बार पहली बार पुलिस विभाग द्वारा झांकी प्रदर्शित किया ।जिसमें किस प्रकार से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों के द्वारा पुलिस पर अटैक किया जाता है और उनके मंसूबे को जांबाज पुलिस के जवान नेस्तनाबूद कर उन्हें धर दबोचे हैं यह दर्शाया गया । ऐसा लग रहा था मानो यह जीवंत हो रहा हो ।इस झांकी की सभी लोगों ने प्रशंसा की । इसके अलावा पुलिस सहायता केंद्र शक्ति टीम के द्वारा प्रदर्शन यातायात जागरूकता को भी दर्शाया गया।

सब्जी व्यवसायी से अज्ञात लुटेरों ने की लूट

धमतरी। जिले के बिरेझर थाना अंतर्गत दरबा और जीजामगांव के बीच दो सब्जी व्यवसायी से चाकू की नोक पर लूटपाट करने का मामला सामने आया है लूट की शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है बताया जा रहा है की जीजामगांव के रहने वाले जवाहर पटेल और दीनू पटेल रविवार को दरबा बाजार में सब्जी बेचने गए थे सब्जी बेचकर दोनों रात में करीब 8 बजे टीवीएस सुपर एक्सल गाड़ी से अपने गांव वापस लौट रहे थे इसी दौरान जीजामगांव और दरबा के बीच अंधेरे का फायदा उठाकर तीन अज्ञात लोग मोटरसाइकिल में सवार होकर आए और दोनों व्यवसायी को रोककर चाकू की नोक पर लुटपाट किया।

अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन नजूल पट्टों का फ्री होल्ड

धमतरी। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा गैर रियायती दर पर आबंटित भूमि को यदि पट्टेदार द्वारा भूमिस्वामी के हक मंक परिवर्तित कराना चाहे, तो उनसे प्रचलित गाइडलाइन दर का दो प्रतिशत राशि लेकर भूमिस्वामी अधिकार प्रदान किया जाना है। रियायती दर पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक में परिवर्तित करने के लिए प्रचलित गाइडलाइन दर का 102 प्रतिशत का भुगतान करने पर भूमिस्वामी हक प्राप्त होगा।

जंगली रास्ते से 14 किमी पैदल चलकर मतदान करने पहुंचे पुत्तरवाही के ग्रामीण

नवप्रदेश संवाददाता

डौंडी। प्रशासनिक अनदेखी के चलते डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मथेना के आश्रित ग्राम पुत्तरवाही के मतदाताओ को गृह ग्राम से 14 किलोमीटर दूर पंचायत के ही आश्रित ग्राम किशनपुरी मे घने जंगलों से पैदल चलकर मतदान करने पहुँचना पड़ा। जबकि पुत्तरवाही से ग्राम पंचायत मथेना की दूरी मात्र 4 किमी है लेकिन प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की उचित सुविधाओं का ध्यान ना रखते हुए उन्हें लंबी दूरी के आश्रित ग्राम में बूथ बनाकर मतदान करने का फरमान दिया गया ।जब इस संदर्भ मे मीडिया कर्मी जानकारी लेने उक्त ग्राम पहुंचे, तो पता चला कि पुत्तरवाही के करीब 50 ग्रामीण संबंधित प्रशासन के बड़ी चूक के चलते ग्रामीण अपना मताधिकार का प्रयोग करने 14 किमी दूर आश्रित ग्राम किशनपुरी पहुंचे।जहां ग्रामीणों द्वारा अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहते है कि उन्होंने इस संबंध में शासन प्रशासन को पुत्तरवाही या फिर ग्राम पंचायत मथेना मे ही मतदान बुथ बनाने की फरियाद पिछले पंचवर्षीय चुनाव दरम्यान से लगा चुके है बावजूद प्रशासन द्वारा कोई भी सार्थक पहल अब तक नही की जा सकी है ।जिसके चलते उन्हें मजबूरी वस लंबी दुरी तय कर मतदान करना आना पड़ा है ग्रामीणों ने यह भी कहा कि उन्हें विधानसभा व लोकसभा चुनाव समय मे भी 20 किलोमीटर दूर ग्राम मंगलतराई में जाकर मताधिकार का प्रयोग करना पड़ता है जो कि सुविधा दृष्टि से कदापि उचित नहीं है ।

एक ओर शासन प्रशासन द्वारा सौ प्रतिशत मतदान करने विभिन्न माध्यमों से आम जनों को जागरूकता अभियान चलाया जाता है तो वही दूसरी ओर आदिवासी अंचल के ग्राम पुत्तरवाही के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना कराकर मतदान कराया जा रहा है, जिसमे बुजुर्ग मतदाताओं को अधिक तकलीफ हुई। जिसके लिए प्रशासनिक व्यवस्था को ग्रामीण कोषते नजर आए,लेकिन मतदान के प्रति जागरूकता ऐसी की अपना मताधिकार पूरी उत्सुकता के साथ किये। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो आगामी विस लोकसभा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नजदीक बूथों में मतदान करने की प्रक्रिया बनाती है तो जनहित में पुत्तरवाही के ग्रामीणों हेतु सुविधाजनक बात होगी । यहां यह बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत मथेना में कुल 665, किशनपुरी में 276 व पुत्तरवाही में 72 मतदाताओं की संख्या है।

मादा भालू ने खंडहर मकान में दो शावकों को दिया जन्म

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। धमतरी वन परिक्षेत्र के भिड़ावर गांव में मादा भालू ने दो शावकों को जन्म दिया है भालू ने दोनों बच्चे को एक खंडहर मकान में जन्म दिया है इधर जन्मे बच्चे से मिलने रोजाना किसी भी समय भालू बस्ती के भीतर पहुँच जा रहा है जिससे ग्रामीण दहशत में है हालाकि यहां एतिहातन तौर पर वन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो भालू की गतिविधियों पर बराबर नजर बनाएं हुए लेकिन भालू के बच्चे को वापस भेजने के लिए फिलहाल कोई तैयारी नही है दरअसल भिड़ावर गांव डुबान क्षेत्र के अंतिम गांव है और ये गांव वनांचल इलाके में आता है इस वजह से यहां आए दिन जंगली जानवर आते रहते है बताया जा रहा कि 15 दिन पहले भालू ने यहां दोनों बच्चों को जन्म दिया है और इसके बाद से ही यहां भालू गांव में डेरा डाले हुए है वनपरिक्षेत्र अधिकारी साहू ने बताया कि भालू की आमद और उनके बच्चों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है अभी उन्हें भगाने को कोशिश नही जा रही है उनका कहना महीनेभर के अंतराल में स्वतः ही जंगल की ओर रवाना हो जाएगा बहरहाल मादा भालू ने अभी तक किसी को नुकसान नही पहुँचाया है।

75 सहायक शिक्षकों का संविलियन आदेश जारी

कवर्धा। छत्तीगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले के 75 सहायक शिक्षक पंचायत का स्कूल शिक्षा विभाग के ई - एल. बी. संवर्ग के सहायक शिक्षक पद पर संविलियन आदेश जारी हो गया है। रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 27 जनवरी को जारी आदेश में एक जनवरी 2020 कि स्थिति में सहायक शिक्षकों का संविलियन किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा 30 जून 2018 को जारी आदेश के अनुक्रम में हुआ हैं। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, रविन्द्र चन्द्रवंशी, संजय वर्मा, हेमलता शर्मा, आशा पाण्डेय, उग्रसेन चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, राजेश तिवारी, बलदाउ चन्द्राकर आदि पदाधिकारियों ने शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संविलियन आदेश जारी करने हेतु जिला पंचायत के सी.ई.ओ.,जिला शिक्षा अधिकारी सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संबंधित सहायक शिक्षकों को बधाई दिया है।

संगम प्रबंधन समिति का अनोखा बैंक, कैटर्स से कम दाम में उपलब्ध होंगे बर्तन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। पं. दीनदयाल आन्त्योदय योजना शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत संगम प्रबंधन समूह द्वारा बर्तन बैंक प्रारंभ किया गया। स्वा सहायता समूह संगम प्रबंधन समिति के माध्यम से एक अनोखी पहल की गई है।

एक ओर जहां बढती हुई मंहगाई से लोगो को षादी, ब्याह, सहित अन्य कार्यक्रमो को लेकर कैटर्स से उपयोगी बर्तन किराए पर लेना महंगा पडता है। तो इसके साथ ही स्वा सहायता समूह के द्वारा की गई बर्तन बैंक की पहल अब लोगो के लिए एक राहत होगा। समूह ने टेन्ट वालों की दुकानो से भी कम दामो में बर्तन उपलब्ध कराने की बात कही है। तो इसके साथ ही कुछ गरीब परिवारो को आष्यकता पडने पर बर्तन बैंक से उपयोग करने निःषुल्क बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही अन्य अगर इन बर्तनो को उपयोग के लिए किराए पर लेते है तो उन्हे कम दामो में उपलब्ध हो सकेगा। दरासल अलग-अलग स्वा सहायता समूह के माध्यम से रूचि के अनुसार व उपयोगिता के अनुसार काम किए जा रहे है। लेकिन स्वा सहायता समूह की अध्यक्ष गंगा ठाकुर की पहल ने बर्तन बैंक के विषय में समूह से चर्चा किया।

आरपीएफ थाना की नवीनीकृत बिल्डिंग का उद्धाटन

भाटापारा। वार्षिक निरीक्षण के दौरान भाटापारा पहुँचे रेलवे जीएम गौतम बेनर्जी ने उपस्थित अधिकारीयो कर्मचारीयो का उस वक्त दिल जीत जब उन्होंने आरपीएफ थाना की नवकृत बिल्डिंग का उद्घाटन स्वयं ना करके पोस्ट प्रभारी के पी एस गुर्जर से कराया। उस वक्त आर पी एफके सीनियर अधिकारी भी वहा मौजूद थे। रेलवे महाप्रबंधक गौतम बेनर्जी शुक्रवार को अपने वार्षिक निरीक्षण के तहत भाटापारा पहुँचे। इस दौरान उनको आर पी एफ थाना के नए सुसज्जित नवकृत भवन का उद्धाटन भी करना था,जब वे वहा पहुँचे तो अपनी दरियादिली दिखाते हुए थाना के प्रभारी के पी एस गुर्जर को अपने पास बुलाया और उनसे बिल्डिंग का ना केवल फीता कटवाकर उद्धाटन किया बल्कि दोनों हाथो से ताली बजाकर अन्य अधिकारीयो कर्मचारीयो का हौसला अफ्जाई किया।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। 23 जनवरी को प्रार्थिया थाना सिटी कोतवाली धमतरी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुभम साहू तुमसे प्यार करता हूं कहकर बहला.फुसलाकर शादी करने व पत्नी बनाकर रखने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गई । प्रार्थिया के द्वारा शुभम साहू को अपने गर्भवती होने की जानकारी देकर शादी करने बोलने पर उसके द्वारा दवाई लाकर देने व शादी बाद में करूंगा अभी दवाई खा लो कहने पर उसकी बातों में आकर दवाई खाने से गर्भपात होने व स्वास्थ्य बिगड़ने लगा कि प्रार्थिया के द्वारा शादी करने के लिए कहने पर आरोपी द्वारा मना करने व किसी को बताने पर वीडियो फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दिया जिसकी रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध क्रमांक 46-2020 धारा 376, 315 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी पी राजभानु के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अरुण जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली श्री भावेश गौतम के द्वारा टीम तैयार कर सायबर तकनीकी शाखा के सहयोग से आरोपी के छिपने के हर संभावित स्थानों में पता तलाश कर गिरफ्तार करने हेतु रवाना किया गया ।

नपा अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने किया पालिका में ध्वजारोहण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में गणतंत्र दिवस पर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार षर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष ने कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय व शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, भारत माता प्रतिमा स्थल में वरिष्ठ समाज सेवी कन्हैया लाल अग्रवाल, जय स्तंभ गांधी मैदान में सुनील साहू पार्षद वार्ड क्रं. 26, शारदा संगीत महाविद्यालय में पार्षद वार्ड नं. 23 मोहित माहेष्वरी, रानी झांसी बालोद्यान में पार्षद वार्ड क्रं. 10 श्रीमती सुशीला धुर्वे तथा भीमराव अंबडेकर उद्यान में नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष,पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ.लवकुष सिंगरौल, पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, व वरिष्ठ नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

नगर पंचायत बोड़ला में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। 71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर में नगर पंचायत बोड़ला में नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री साहू के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों के अलावा समस्त पार्षद वार्ड नंबर 1 से ओम प्रकाश शर्मा वार्ड नंबर 2 से उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी वार्ड नंबर 3 से सुनीता लव निर्मलकर वार्ड नंबर 4से विजय पाटिल वार्ड नंबर 5 से अर्जुन पटेल वार्ड नंबर 6 से शशीराजेंद्र खरे वार्ड नंबर 7 से शमशाद बेगम वार्ड नंबर 8 से भरत गुप्ता वार्ड नंबर 9 से पुष्पा मानिकपुरी वार्ड नंबर 10 से परेटन ध्रुवे वार्ड नंबर 11 से हरि बंजारे वार्ड नंबर 12 से विसर्जन ध्रुवे वार्ड नंबर 13 से संतोषी साहू वार्ड नंबर 15 से दयाराम सहित नगर पंचायत क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी रामेश्वर यादव, सुखनंदन निर्मलकर, राजेन्द्र ढिंढोर उइके हाई स्कूल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दीपक मागरे व तहसील प्रशासन के मुखिया एस डी एम विनय सोनी , जनपद पंचायत सी ई ओ जे एल भगत, तहसीलदार मधु हर्ष,तहसीलदार वर्मा, नगर पंचायत सी एम ओ करुणाकर बी ओ एस एल पन्द्रों उप बी ओ एच एल नायक पुलिस विभाग से श्री नेताम, पुरोषित्तम वर्मा, संजू चन्द्रवंशी आदि सहित उपस्थित रहे।

अवलोकन | जोराताल मतदान कक्ष में शराबी व्यक्ति को पुलिस कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण ने आज त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का प्रथम चरण में जिले के विभिन्न मतदान केन्द्र ग्राम पंचायत दुल्लापुर, बिरकोना, धरमपुरा, समनापुर, अमलीडीह, बरपेलाटोला, सिंघनपुरी, जोराताल, नेवारी एवं ग्राम पंचायत सूखाताल में हो रहे मतदान केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, तहसीलदार मनोज रावटे उपस्थित थे। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण मतदान केन्द्र दुल्लापुर का निरीक्षण करते हुए मतदान केन्द्र परिसर के अंदर अनाधिकृत व्यक्ति को बाहर करने तथा अनावश्यक भीड़ नहीं करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित पीठासीन अधिकारी को कुल वार्डो की संख्या तथा अभी तक मतदान प्रतिशत की जानकारी ली साथ ही मतदान दल के भोजन व्यवस्था के संबंध में भी पूछा। उन्होंने ग्राम पंचायत बिरकोना में ट्राइसायकल से आये हुए निशक्तजन महिला से आवश्यक जानकारी ली तथा अपने मोबाइल से उक्त महिला का फोटो भी लिया। कलेक्टर श्री शरण ने धरमपुरा में कुल मतदान प्रतिशत होने की जानकारी ली, तो मतदान अधिकारी ने 50 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी दी। उन्होंने मतदान व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी लिया। उन्होंने मतदान केन्द्र में अनावश्यक भीड़ पर नाराजगी व्यक्त की तथा पुलिस को अनाधिकृत व्यक्ति को परिसर से बाहर निकालने के भी निर्देश दिये। इस मतदान केन्द्र के चारों बूथों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री शरण ने ग्राम पंचायत समनापुर का निरीक्षण करते हुए कहा कि जो व्यक्ति वोट डाल चुके है, उन्हें परिसर से बाहर निकालने के निर्देश दिये। उन्होंने पीठासीन अधिकारी को मतदान धीमी गति को बढ़ाने के निर्देश दिये, ताकि वोटो की गिनती में विलंब न हो। उन्होंने अमलीडीह पंचायत में मतदान में शीघ्रता लाने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत बरपेला टोला में मतदान प्रतिशत की जानकारी ली तथा मतदान दल के लिए भोजन व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने ग्राम सिंघनपुरी में निरीक्षण के दौरान अनावश्यक व्यक्तियों को मतदान केन्द्र से बाहर निकालने के निर्देश दिये।

उन्होंने कतार में खड़े महिला मतदाता से भी आवश्यक पूछताछ की। मतदान केन्द्र जोराताल में बाहर बैठे एजेंन्टों को कक्ष के अंदर बैठने के निर्देश दिये तथा उनसे भी आवश्यक जानकारी लिया। कलेक्टर श्री शरण ने जोराताल मतदान केन्द्र के कक्ष में शराबी व्यक्ति मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने तुरंत कार्रवाई उस व्यक्ति को सिटी कोतवाली थाना में भेजकर मुलाहिजा करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। ग्राम पंचायत नेवारी में गेट के पास अनाधिकृत महिलाओं को 100 मीटर के बाहर रहने के निर्देश दिये तथा मतदान दल से मतदान प्रतिशत एवं आवश्यक जानकरी भी ली। ग्राम सुखाताल मतदान केन्द्र में अनावश्यक भीड़ को बाहर निकालने के निर्देश दिये तथा जो लोग वोटिंग कर चुके है, उन्हें मतदान केन्द्र से बाहर निकालने के लिए कहा। कलेक्टर ने यहां पर मतदान गति धीमी होने के कारण तहसीलदार को रिजर्व कर्मचारी को भेजने के लिए निर्देशित किया।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं BHAGWATI S/O SUKHARAM NISHAD निवासी WARD NO.3, NADIYA PARA SILGHAT POST- SEMRA, DIST. DHAMTARI (C.G.) 493770 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम BHAGWATI RAM NISHAD S/O SUKHARAM NISHAD रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम BHAGWATI RAM NISHAD S/O SUKHARAM NISHAD से ही जाना पहचाना जावे।

BHAGWATI RAM NISHAD
WARD NO.3, NADIYA PARA SILGHAT POST- SEMRA, DIST. DHAMTARI (C.G) 493770

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं NARSINGH S/O BHAGWATI निवासी WARD NO.3, NADIYA PARA SILGHAT POST- SEMRA, DIST. DHAMTARI (C.G.) 493770 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम NARSINGH NISHAD S/O BHAGWATI RAM NISHAD रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम NARSINGH NISHAD S/O BHAGWATI RAM NISHAD से ही जाना पहचाना जावे।

NARSINGH NISHAD
WARD NO.3, NADIYA PARA SILGHAT POST- SEMRA, DIST. DHAMTARI (C.G.) 493770

बड़ी मशक्कत के बाद नटखट बंदर को वन विभाग की टीम ने पकड़ा

जंगली सुअर का भी उपचार किया गया

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। जिले में बन्दर ने आतंक मचाकर तीन लोगों को घायल कर दिया है। जिसे पकड़ लिया गया है वही जंगली सुअर भी वनविभाग के हाथ आया में है जो तार में फंसा हुआ था मालूम हो कि सोमवार को ग्राम डाही और कुर्रा की ओर एक बंदर ने आतंक मचा दिया था जो तीन लोगों को काट कर घायल कर दिया था। सूचना के बाद वनविभाग की टीम मौके पर पहुंचा और बड़ी मशक्कत से बन्दर को पकड़ा गया दूसरी ओर ग्राम गंगरेल के पास एक जंगली सुअर फेंसिंग तार में फंसा मिला जो

लहूलुहान हो गया था उसे भी पकड़कर तार से निकाला गया इसके पश्चात उसका उपचार कराया गया। वनपाल जितेंद्र सोनी ने बताया कि बन्दर को पकड़ने के बाद जंगल मे छोड़ दिया गया हैए और घायल जंगली सुअर का उपचार कराया जा रहा है

दो दिन में ही खराब हो गया नया संजीवनी वाहन

धमतरी। जिले में संजीवनी 108 वाहन को लाये दो दिन हुआ नही और खराब हो गया। आपको बता दें बीच रास्ते मे ही फेल हो गई है खासबात उस समय उसमें मरीज था। बाद में फिर दूसरी गाड़ी लाकर मरीज को अस्पताल भर्ती किया गया। जानकारी के मुताबिक जिले में हालांकि 108 की सेवा ठीक ठाक है मगर बीते कुछ महीनों से एकात गाड़ी को छोड़कर बाकी खराब चल रही थी शासन प्रशासन से मांग के बाद जिले को दो नयी 108 मिली जिसमें से एक वाहन अर्जुनी को मिली है। सोमवार की शाम 108 वाहन ग्राम गागरा से एक मरीज को लेकर आ रही थी जो शहर के सिहावा चौक के पास खराब हो गई कुछ देर बाद फिर दूसरी वाहन बुलाकर मरीज को अस्पताल शिफ्ट किया गया इधर नयी 108 में खराबी को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही थी।

पंचायत चुनाव : गांवों में भीड़ सूनी नजर आई शहरों की सड़कें

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। पंचायत चुनाव के कारण जहां ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की काफी भीड़ रही वही शहर की सड़कें दिनभर सूनी रही साथ कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानो में ताले लटकी देखी गई । ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत चुनाव के कारण लोगों में काफी उत्साह के साथ भीड़ लगी रही वही नगर के सड़के व शासकीय कार्यालय व बैंक दिनभर सुनी रही ।उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का नगर में रोजाना आना जाना लगा रहता है जिसके कारण सभी शासकीय कार्यालयों के अलावा व्यावसायिक क्षेत्रो में भीड़ लगी रहती है लेकिन मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रथम चरण का चुनाव विकास खण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में होने के कारण लोग गांवों में ही डटे रहे जिसके कारण सड़के व कार्यालयों सहित व्यावसायिक क्षेत्र सुनी रही।

खरोरा में शतचंडी यज्ञ, रोज बरस रहा ज्ञानामृत रस

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। 25 जनवरी से चल रहा शतचंडी यज्ञ ओर श्रीमदभागवत ज्ञान अमृत वर्षा आयोजन में रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मण्डप में आकर पूजा कर रहें हैं।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चियों ने भाग लिया ।कलश यात्रा मण्डप से प्रारम्भ होकर गणेशमन्दिर होते हुए पुराने थाने के आग्ससे पुरानी बस्ती के शीतला तालाब से जल पूजा करके करीयादामा से होते हुए पुराने बस स्टैंड फिर मुख्यमार्ग से होते हुए वापस मण्डप में विराम हुआ। वृन्दावन से पधारे भागवताचार्य पण्डित गोपाल कृष्ण जी भक्ति रस की वर्षा कर रहे और भक्त भाव विभोर होकर भक्ति रस का पान कर रहें।श्री बाला जी दरबार के पुजारी धनंजय शर्मा ने बताया कि यज्ञ की परिक्रमा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।अलग अलग वस्तुओ से यज्ञ स्थल की परिक्रमा की जाती है।जैसे बुद्धि प्राप्ति के लिए इलाइची से सन्तान प्राप्ति के लिए फल से बीमारी से मुक्ति के लिए बादाम से परिक्रमा करने से अपना अभीष्ट सिद्ध होता है। 2 फरवरी रविवार को भक्तिमय गीत संगीत नाट्य की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमे निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है।इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान आने वाले को ट्रॉफी ओर नगद पुरस्कार की व्यवस्था है।ये प्रतियोगिता छुपे हुए प्रतिभा को निखारने का अच्छा मौका है। यज्ञ की पूर्णाहुति2 फरवरी होगी इस अवसर पर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन है ।पण्डित जी ने सभी नगरवासीओ से भंडारा का प्रसाद लेने का अपील किये हैं।

एबीसी स्कूल के बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनया गणतंत्र दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। खरोरा के सारागांव एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव के विद्यार्थियों ने वीर-शहीदों को दी श्रधांजलि।इस राष्ट्रीय पर्व में ध्वजारोहण के लिए मुख्यातिथि के रूप में अनिता वर्मा ,विभीषण वर्मा, अनीश और हिमांशु रायपुर से आमंत्रित थे। मुख्य अतिथि विभीषण वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी छात्रों ने सैलूट से तिरंगा का सम्मान किया।इसके बाद सभी छात्रों द्वारा मार्चपास्ट किया गया।अतिथि स्वागत के पश्चात बच्चों ने गीत,भाषण ,कविता और डांस की प्रस्तुति से राष्ट्र के सम्मान और शहीदों की श्रद्धांजलि में अनुपम छटा बिखेरते हुए सराहनीय प्रदर्शन से सबका मनमोह लिया। मुख्य अतिथि द्वारा भाषण में बच्चों को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए सभी का मनोबल बढ़ाया। संविधान के निर्माता और संविधान के अनुच्छेदों पर अतिथि अनीश वर्मा ने बच्चों के साथ सवाल जवाब कर सभी बच्चों में देश भक्ति का संचार किया।विद्यालय प्राचार्य मोहन लाल वर्मा ने अपने भाषण में राष्ट्र प्रेम को सर्वोपरि बताते हुए अब्दुल कलाम के वक्तव्य का बखान करते हुए,राष्ट्र की उन्नति ,भ्रष्टाचार मुक्त देश की कल्पना को साकार करने के लिए माता,पिता और गुरु की भूमिका को अतुलनीय बताया।

गुरूकुल पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में 71वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व नयनाभिराम प्रस्तुति के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर संचालन समिति के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण, प्राचार्य, उप-प्राचार्य समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ तथा अधिकांश संख्या में पालकगण उपस्थित थे। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में महावीर जैन, अध्यक्ष ज्ञान दर्शन शिक्षण समिति कवर्धा, विषिष्ट अतिथि के रूप में अतुल देशलहरा सचिव, संतोष कोचर निदेशक ज्ञान दर्शन शिक्षण समिति मंचासीन थे। विद्यार्थियों द्वारा समस्त अतिथियों को तिलक एवं बैचेस लगाकर विद्यालय परिवार की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा सुमधुर संगीतमय स्वागत-गान प्रस्तुत किया गया। शाला के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक परिधानों से सुसज्जित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी की वाहवाही लूटी। कक्षा पहली से तीसरी की छात्राओं ने 'है तुझे सलाम इंडिया नृत्य एवं आठवीं से दसवीं की छात्राओं ने 'सारे जहां से अच्छा' देशात्मक गीत के द्वारा दर्शकों को विभोर कर दिया। प्राचार्य वी.के.श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र की रक्षा कि लिए विद्यार्थियों को तन-मन एवं सर्वस्व से सदैव तत्पर रहना चाहिए। महावीर जैन अध्यक्ष ने गणतंत्र की गरिमा एवं महिमा पर प्रभावपूर्ण उद्बोधन देकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। निदेषक संतोष बोथरा ने भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिये सभी का आव्हान किया। शाला की छात्रा खुषी बोथरा ने हिन्दी में व छात्र आयुष चंद्रवंशी कक्षा 12वीं ने अंग्रेजी में गणतंत्र दिवस से संबंधित सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किए। कक्षा दसवीं की छात्रा अदिति जैन ने 'हम हिन्दुस्तानी' शीर्षक कविता का भावपूर्ण पाठ कर दर्शकों को भावविभोर कर

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम भूपेश के...

मुख्यमंत्री ने नक्सल इलाकों में पीएमजीएसवाय की सड़कों के जरिये गांवों की कनेक्टविटी बढ़ाने की मांग की, जिस पर गृहमंत्री ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। वहीं रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा देने, बिलासपुर में हवाई सेवा शुरू करने और रायपुर में कार्गो प्लेन के उतरने की इजाजत देने की मांग भी रखी गई, जिस पर गृहमंत्री ने कहा कि इस मामले को जल्द ही संबंधित विभाग को सौंपा जायेगा।

बस्तर के ग्रामीणों...

दायरा बढ़ाने की डिमांड भी मुख्यमंत्री ने काउंसिल की बैठक में की।

केन्द्र एथनॉल की दर तय करे- एथनॉल बनाने के संयंत्र स्थापित करने की बात भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रखी, उन्होंने कहा कि केंद्र एथनॉल की दर तय करे। वहीं मुख्यमंत्री झीरम कांड की केस डायरी एनआईए की तरफ से स्टेट को नहीं सौंपे जाने का मुद्दा उठाया, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह ने चुप्पी साध ली।

पूर्व आरक्षक...

इसी दौरान नक्सलियों ने गंगालूर मार्ग से उसका अपहरण कर लिया था। बलदेव की पत्नी ने नक्सलियों से अपने पति को छोड़ने की अपील की थी, लेकिन इसका नक्सलियों पर कोई असर नहीं हुआ।

पहले चरण में...

में महिलाओं को प्रतिशत अधिक रहा। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक जहां औसतन 64.95 फीसदी पुरुषों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया वहीं महिलाओं के मामले में यह आंकड़ा 66.38 फीसदी रहा। बता दें कि मंगलवार को पहले चरण के तहत 57 विकासखंडों की चार हजार 847 ग्राम पंचायतों के लिए वोटिंग हुई। दोपहर 3 बजे तक दुर्ग जिले में सर्वाधिक 78.65 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई।

निर्भया केसः मुकेश...

वकील अंजना प्रकाश ने कहा कि न्यायिक फैसले की समीक्षा का अधिकार नहीं रखते, लेकिन मौत के मामले की उनको संविधान के तहत समीक्षा का अधिकार है। मुकेश के वकील ने कहा कि गवर्नर और राष्ट्रपति दया याचिका के मामले में अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं करते हैं।

पड़ोसी जानता है...

सेना उसे हफ्ते-10 दिन में धूल चटा सकती है। अब वह दशकों से भारत के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर कर रहा है। इसमें कई नागरिकों की जान जा रही है, हमारे जवान शहीद हो रहे हैं।

मेरे लिए देश की...

चुका है और देख रहा है। मैं फिर कहूंगा- देश देख रहा है, समझ रहा है। चुप है, लेकिन सब समझ रहा है।

घर में घुसकर...

सोच है, युवा मन के साथ देश आगे बढ़ रहा है, इसलिए वो सर्जिकल स्ट्राइक करता है, एयर स्ट्राइक करता है और आतंक के सरपरस्तों को उनके घर में जाकर सबक सिखाता है।

पुराने तरीके से...

जीडीपी नापे तो भारत की ग्रोथ रेट ढाइ फीसदी होगी। उन्होंने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि यूपीए सरकार के दौरान हमारी सरकार गरीबों को पैसा देती थी, जिससे अर्थव्यवस्था चलती थी। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था तब चलती है, जब गरीबों के जेब में पैसा जाता है। जब उनकी जेब में पैसा जाता है तब वे माल खरीदते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों की जेब से पैसा निकालकर उद्योगपतियों की जेब में डाल दिया।

पीएम मोदी को फिर दिया ये चैलेंज

राहुल ने कहा, 'मैं पीएम मोदी को चैलेंज करता हूं कि वह हिंदुस्तान की किसी भी यूनिवर्सिटी में चले जाएं और अपने भाषण से पहले छात्रों से सवाल लें और उनके जवाब दें। उन्होंने कहा कि पीएम यह नहीं कर सकते लेकिन झूठे वादे जरूर कर सकते हैं। बेरोजगारी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, '21वीं सदी का हिंदुस्तान अपनी पूंजी को जाया कर रहा है, बर्बाद कर रहा है। आप जो इस देश के लिए करना चाहते हैं और कर सकते हैं उसे आपकी सरकार और हमारे प्रधानमंत्री होने नहीं दे रहे हैं।' राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन पिछले साल हिंदुस्तान में एक करोड़ युवाओं ने रोजगार खोया है।' पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एनआरसी की बात होगी, सीएए, एनपीआर की बात होगी लेकिन देश के सामने जो सबसे बड़ी समस्या है जो इस देश के हर परिवार को चुभती है उसके बारे में हमारे प्रधानमंत्री एक शब्द नहीं बोलते हैं।

खोखली कर दी...

में 45 साल की सबसे बड़ी बेरोजगारी आई। उन्होंने कहा, 'हिंदुस्तान एक साथ चलने वाला देश है। भारत की इस छवि को नरेंद्र मोदी ने नष्ट कर दिया। आज पूरी दुनिया में हिंदुस्तान को 'रेप कैपिटल' कहा जाता है। पीएम इसके बारे में नहीं बोलेंगे और जब हमारे युवा पीएम मोदी से सवाल करते हैं तो उन पर ही गोली चलाई जाती है।'

चुनाव कार्य के लिए उपलब्ध नहीं कराये वाहन

बलौदाबाजार। चुनाव कार्य जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में अधिग्रहण आदेश के बावजूद वाहन उपलब्ध नहीं कराये जाने पर वाहन का पंजीयन-परमिट निरस्त कर दिया जायेगा। इसके लिये संबंधित वाहन मालिकों को जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नोटिस जारी की गई है। आरटीओ श्री लकड़ा ने बताया कि जिले में प्रथम चरण के चुनाव संपादन के लिए छोटे-बड़े 198 वाहन अधिग्रहित किये गये थे। इनमें से 27 वाहन मालिकों द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए वाहन उपलब्ध नहीं कराये गये। इससे चुनाव जैसे आपात महत्व का काम प्रभावित हुआ है। गौरतलब है कि स्थानीय आरटीओ कार्यालय द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत कलेक्टर के आदेशानुसार वाहन अधिग्रहित किये गये थे। उन्होंने कसडोल एवं बिलाईगढ़ मुख्यालय पर वाहन खड़ी करके रिपोर्ट करने कहा गया था। बावजूद इसके वाहन मालिकों द्वारा वाहन उपलब्ध नहीं करा करके चुनाव कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया है। इसलिए उन वाहनों का पंजीयन एवं परमिट के निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHMMED AFAJAL RIJVI S/O GULAM MOHYUDDIN RIZVI निवासी H.NO- 144/09, WARD NO.- 12, GANJPARA BALOD (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MOHAMMED AFZAL RIZVI S/O GULAM MOHYUDDIN RIZVI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMED AFZAL RIZVI S/O GULAM MOHYUDDIN RIZVI से ही जाना पहचाना जावे।

MOHAMMED AFZAL RIZVI
H.NO- 144/09, WARD NO.- 12, GANJPARA BALOD (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PARAS RAM S/O JAGTU RAM VERMA निवासी MUDHIPAR, MALDI, BALODA BAZAR (C.G.) 493331 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PARAS RAM VERMA S/O JAGTU RAM VERMA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PARAS RAM VERMA S/O JAGTU RAM VERMA से ही जाना पहचाना जावे।

PARAS RAM VERMA
MUDHIPAR, MALDI, BALODA BAZAR (C.G.) 493331

नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती अर्पणा चाम्भारे (Smt. Arpana Chambhare) पति श्री राजेश कुमार (Rajesh Kumar) उम्र 36 वर्ष, 299, तीन दर्शन मंदिर, कैम्प-1, वार्ड क्र. 19, सुपेला, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासिनी हूं। मेरा विवाह दिनांक 01.05.2005 को श्री राजेश कुमार पिता श्री नारायण राव चाम्भारे के साथ हुआ है। विवाह पूर्व कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम अर्पणा तोन्डारे (Arpana Tondare) पिता श्री अशोक तोन्डारे (Ashok Tondare) अंकित है। मेरे विवाह के पश्चात बी.ए., एम.ए. एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती अर्पणा चाम्भारे पति श्री राजेश कुमार दर्ज है।

अतः इस प्रकाशन के बाद से मुझे मेरे सही व परिवर्तित नाम श्रीमती अर्पणा चाम्भारे (Smt. Arpana Chambhare) पति श्री राजेश कुमार (Rajesh Kumar) से जाना-पहचाना जावे व मेरे समस्त शासकीय- अर्द्धशासकीय प्रमाण पत्रों, अन्य अभिलेखों व दस्तावेजों में मेरा नाम यही नाम अंकित हो।

श्रीमती अर्पणा चाम्भारे

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

anagarpalika3@gmail.com

क्रमांक/2954/न.पा./लो.नि.वि./2019-20 आरंग, दिनांक 27/01/2020

सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता एवं श्रृंगार हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना

नगर पालिका परिषद आरंग क्षेत्रांतर्गत संचालित कुल 14 सामुदायिक शौचालयों के 67 सीटों का 1200.00 रु. प्रति सीट प्रतिमाह की दर से **31 मार्च 2021** तक स्वच्छता एवं श्रृंगार हेतु रूचि रखने वाले योग्य **एनजीओ/स्व सहायता समूहों** से रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उक्त शौचालयों की स्वच्छता एवं श्रृंगार निर्धारित मापदण्ड के आधार पर शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाना है। रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) प्रस्तुत करने के लिए इच्छुक एनजीओ/स्व सहायता समूहों को रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुतीकरण शुल्क **100.00 रु. प्रति शौचालय** नगर पालिका आरंग में नगद जमा कर प्राप्त रसीद की प्रति दस्तावेजों के साथ संलग्न किया जाना होगा। स्वच्छता एवं श्रृंगार हेतु रूचि की अभिव्यक्ति अंतिम तिथि **11/02/2020 समय सायं 05.30 बजे** तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा की जा सकती है। विस्तृत विवरण के लिए कार्यालय के सूचना पटल में अथवा लोक निर्माण विभाग से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

शिक्षक देवांगन को मिला कलेक्टर अवार्ड

खरोरा। 26 जनवरी 2020, 71वा गणतंत्र दिवस खरोरा के शासकीय प्राथमिक शाला नायकटांड के लिये खास रहा. इस गौरवशाली दिवस को संस्था के नवाचारी शिक्षक नारायण प्रसाद देवांगन को रायपुर जिला से उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में रायपुर कलेक्टर डॉ एस. भारती दासन जी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर रेडक्रास भवन में सम्मानित किया गया, इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधानपाठक लक्ष्मण सिंह वर्मा, शिक्षक नोहर दास टंडन, शिक्षिका धनिता शर्मा, पार्षद डॉ सुरेन्द्र गिलहरे, शाला ग्राम के सभी सदस्यों, संकुल समन्वयक रामाधार साहू और शिक्षा विभाग तथा सम्पूर्ण खरोरा नगर ने हर्ष व्यक्त किया।

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुबमणियम जैराज आ. स्व. श्री सुब्रमणियम निवासी क्वा. नं. 8/ए सड़क 34 सेक्टर 10 भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग ने जयराजन पिल्लै आ. स्व. श्यामराव पिल्लै निवासी लुचकी पारा दुर्ग (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 24.05.2011 को ग्राम तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग भूमि खसरा नं. 35/41 रकबा 0.023 हे. अर्थात 2800 वर्गफुट भूमि के संबंध में अपनी अस्वस्थता एवं वृद्धावस्था के कारण संपत्ति के रख-रखाव एवं अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु जहां- जहां मेरे पक्षकार की उपस्थिति अनिवार्य है वहां-वहां मेरे पक्षकार की ओर से जयराजन को उपस्थित होकर कार्य संपादित हेतु आम मुख्तयारनामा निष्पादित किए थे उक्त मुख्तयारनामा दिनांक 24.05.2011 को मेरे पक्षकार ने दिनांक 28.01.2020 को निरस्त करवा दिया है और अपने मुख्तयार को मुख्तयार के दायित्वों से उन्मुक्त कर दिया है अब कोई भी व्यक्ति, संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक, निकाय को जयराजन पिल्लै से किसी भी प्रकार के सौदा इकरारनामा निष्पादित नहीं करे उपरोक्त ईस्तहार प्रकाशन के बाद भी यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक निकाय किसी भी प्रकार से विक्रय-सौदा इकरारनामा करते है तो वह सब अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा किए गए विक्रय इकरारनामा के संबंध में मेरे पक्षकार का कोई दायित्व नही रहेगा।

तदानुसार सो सूचना जाने।

स्थान : दुर्ग छ.ग.
दिनांक: 28.01.2020

अनिल कुमार शर्मा
अधिवक्ता, पोटिया चौक दुर्ग (छ.ग.)
मो. नंबर 98271-78307

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 426/2019-2020
वार्ड का नाम- सदरबाजार-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदरबाजार वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/158 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती कु. रेखा खण्डेलवाल पिता स्व. हनुमान प्रसाद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती मुकेश कुमार खण्डेलवाल पिता स्व. श्री हनुमान प्रसाद खण्डेलवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 428/2019-2020
वार्ड का नाम- सदरबाजार-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदरबाजार वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/218 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती निलोफर निजाम पति शेख निजामुद्दीन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती गजाला यास्मिन पति शेख ईलियासुद्दीन ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 427/2019-2020
वार्ड का नाम- सदरबाजार-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदरबाजार वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/455 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती सुशीला सोनी पति अशोक सोनी, अशोक सोनी पिता जगराम सोनी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नीरज सोनी पिता स्व. मनोहरलाल सोनी ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 429/2019-2020
वार्ड का नाम- सदरबाजार-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदरबाजार वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/126 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती गजाला यास्मिन पति शेख ईलियासुद्दीन के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. निलोफर निजाम पति शेख निजामुद्दीन 2.शेख मिन्हाजुद्दीन 3. शेख मोईनुद्दीन दोनों पिता शेख निजामुद्दीन ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। जोन कमिश्नर, जोन क्र.-07, नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग-धमतरी

दूरभाष क्र. 07722-237256, मो. 94255-11438

निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र.-60

निम्नानुसार कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र-फ'' में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	निविदा राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा देय तिथि
1	अटल विहार योजनांतर्गत ग्राम पोटियाडीह जिला धमतरी में प्रस्तावित विभिन्न श्रेणी के 103 नग भवनों(01 जुनि.एच.आई. जी.,04 नग सीनि. एम.आई.जी. 02 नग जुनि. एम.आई.जी., 63 नग एल.आई.जी. तथा 33 नग ई. डब्ल्यू.एस. भवन) का निर्माण कार्य एवं 16.77 एकड़ भूमि का विकास कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रु. 950.17 लाख	रु.9.51 लाख (डीडी के माध्यम से)	रु. 20,000.00	ब/ ऊपर	18 माह (वर्षाऋतु सहित)	28.02.2020
2	सामान्य आवासयोजना मण्डीनाका हटकेश्वर, दीनदयाल आवास योजना श्यामतराई (धमतरी), अटल विहार योजना चिटौद (बालोद) एवं अटल आवास योजना कन्हारपुरी (कुरूद) में रखरखाव का कार्य।	रु. 18.70 लाख	रु. 37,400.00 (डी.डी. के माध्यम से)	रु. 2,000.00	द/ ऊपर	12 माह (वर्षाऋतु सहित)	07.02.2020

नियम एवं शर्तें :- निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से क्रय की जा सकेगी। स.क्र. 01 हेतु प्री-क्वालिफिकेशन मापदण्ड और निविदा संबंधित अन्य नियम, शर्तें एवं विवरण उपरोक्त वेबसाइट से देखे जा सकते हैं।

सं.-24228/2 कार्यपालन अभियंता

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

ऋषि कपूर के साथ काम करेंगी दीपिका पादुकोण

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल हॉलीवुड फिल्म द इंटर्न के रीमेक में ऋषि कपूर के साथ काम करने को लेकर रोमांचित है। दीपिका पादुकोण और ऋषि कपूर पहली बार एकसाथ फिल्म करने जा रहे हैं। दीपिका ने इसकी घोषणा ट्विटर अकाउंट पर की। यह फिल्म 2015 में प्रदर्शित हॉलीवुड की फिल्म 'द इंटर्न' का रीमेक है। 'द इंटर्न' में ऐनी हैथवे और रॉबर्ट डी नीरो लीड रोल में थे। रीमेक फिल्म का पहला पोस्टर दीपिका ने शेयर किया जिसे वह को-प्रोड्यूस भी कर रही हैं। दीपिका ने ट्विटर पर लिखा कि अपनी अगली फिल्म को लेकर रोमांचित हूं। द इंटर्न का भारतीय अडैप्शन 2021 में रिलीज होगा। दीपिका ने एक बयान में कहा, 'द इंटर्न इंटिमेट और रिलेशनशिप पर बेस्ड फिल्म है जो कि वर्कप्लेस के इर्द-गिर्द है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी कहानी है जो मुझे आज के समय और माहौल के हिसाब से बेहद प्रासंगिक लगती है।

QUIZ TIME

1) प्राचीन काल में हरियाणा राज्य अन्य किस नाम से जाना जाता था?

(क) ब्रह्मावर्त प्रदेश (ख) ब्रह्मार्शि प्रदेश (ग) ब्रह्मा की उत्तरवेदी (घ) सभी से

2) संन्यास कितने प्रकार के होते हैं? (चार / छह)

3) जिस बहेलिए के हाथों श्रीकृष्णा की मृत्यु हुई थी, उसका क्या नाम था? (जरा / निषध)

4) विश्वास मत प्राप्त करने में असफल होनेवाले प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे?

5) मागरेट एटवुड (कनाडा) और बर्नार्डिन एवरिस्टो (ब्रिटेन) किस पुरस्कार से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सभी से (2) चार (3) जरा (4) विश्वनाथ प्रताप सिंह (5) बुकर पुरस्कार

'गो गोवा गॉन 2' पर शुरू नहीं हुआ काम

कुणाल खेमू ने कहा कि जब तक हम फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं करेंगे, तब तक मैं यकीन नहीं करूंगा क्योंकि पिछले दो सालों में मैं इस फिल्म को लेकर कई तरह से उत्साहित रहा हूं और यह मेरे दिल के बेहद करीब है। ऐक्टर कुणाल खेमू का कहना है कि साल 2013 में आई फिल्म 'गो गोवा गॉन' का सीक्वल तार्किक (लॉजिस्टिक) मुद्दों में से होकर गुजर रहा है, इसलिए पिछले कुछ सालों से इस प्रॉजेक्ट पर काम शुरू नहीं हो सका है। फिल्म की शूटिंग के शुरू होने की संभावना के सवाल पर कुणाल खेमू ने बताया कि यह मेरा भी सवाल है क्योंकि मैंने भी इसकी घोषणा पढ़ी है। इसके अलावा मेरे पास और कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने (फिल्म के निर्माता) पिछले तीन सालों में दो बार 'गो गोवा गॉन 2' का ऐलान किया। कुछ तार्किक मुद्दे हैं। कुणाल खेमू ने कहा कि जब तक हम फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं करेंगे, तब तक मैं यकीन नहीं करूंगा क्योंकि पिछले दो सालों में मैं इस फिल्म को लेकर कई तरह से उत्साहित रहा हूं और यह मेरे दिल के बेहद करीब है।

बिजनसवुमन बन गई ऐक्ट्रेस सामंथा

साउथ की टॉप हिरोइनों में शुमार और वहां की सबसे ज्यादा फीस पाने वाली ऐक्ट्रेसेस में शामिल सामंथा अक्किनेनी अब एक बिजनसवुमन बन गई हैं। अक्किनेनी नागार्जुन की बहू और नागा चैतन्य की वाइफ सामंथा ने फैशन डिजाइनर शिल्पा रेड्डी और एजुकेशनिस्ट मुक्ता खुराना के साथ मिलकर एक प्री स्कूल बिजनस यानी अर्ली लर्निंग सेंटर की शुरुआत की है। इसके जरिए स्टूडेंट्स को अपना फोकस सुधारने और बेहतर तरीके से फैसले लेने की ट्रेनिंग दी जाएगी। कुछ दिनों पहले सामंथा ने अपने फेसबुक पेज पर इस नए बिजनस और पार्टनरशिप के बारे में बताया था और सोमवार को उन्होंने अपने इस नए बिजनस वेंचर का लोगो और नाम फैन्स के साथ शेयर किया।

राधे में फाइट सीन के लिये साढ़े सात करोड़ होंगे खर्च

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म राधे में फाइट सीन के लिये साढ़े सात करोड़ रूपये खर्च होंगे। प्रभुदेवा के निर्देशन में बनने वाली सलमान खान की अगली फिल्म राधे का ऐलान हो चुका है। बताया जा रहा है कि सलमान की इस फिल्म के क्लाइमैक्स में अच्छा खासा पैसा खर्च किया जाने वाला है। फिल्म राधे के क्लाइमैक्स में हैवी वीएफएक्स तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। कहा जा रहा है कि इसके लिए मेकर्स वही तकनीक इस्तेमाल करेंगे जो बाहुबली के पार्ट 1 और पार्ट 2 में इस्तेमाल की गई थी। बताया जा रहा है कि 20 मिनट के इस सीक्वेंस पर तकरीबन 7.50 करोड़ रुपये बजट खर्च किए जाने की अनुमति सलमान खान ने भी दे दी है। बताया जा रहा है कि इस एक्शन सीक्वेंस में सलमान खान और रणदीप हुड्डा नजर आएंगे। ये हाई ऑक्टेन एक्शन सीन स्टूडियो में शूट किए जाएंगे।

सलमान के साथ फिर काम करने को लेकर उत्साहित है दिशा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी दबंग स्टार सलमान खान के साथ फिर से काम करने को लेकर अति उत्साहित है। दिशा पटानी ने सलमान खान के साथ फिल्म भारत में काम किया था। दिशा पटानी ,सलमान खान के साथ दूसरी फिल्म करने जा रही हैं। दिशा पटानी सलमान खान के साथ 'राधे ' में नजर आएंगी। 'राधे' ईद 2020 पर रिलीज हो रही है। दिशा पटानी फिल्म 'राधे' में सलमान खान के साथ काम करने को लेकर अति उत्साहित हैं। दिशा पटानी ने कहा, ÷सलमान सर बॉलीवुड में कई साल से बड़े स्टार रहे हैं, मैंने कभी भी नहीं सोचा था कि उनके साथ 'भारत' के बाद दोबारा काम कर पाऊंगी।

कलिंगा विश्वविद्यालय में शान से लहराया तिरंगा

रायपुर। रविवार को 71 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नया रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आशा अंभईकर और मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पश्चात जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक अरूण जायसवाल ने विश्वविद्यालय प्रांगण में मौजूद सभी सदस्यों को स्वागत वक्तव्य द्वारा संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डॉ. सुनील कुमार ने अपने उद्बोधन के दौरान छात्रों को भारतीय संविधान की महत्ता से परिचित कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा देश के भविष्य है और देश के संप्रभुता, एकता व अखण्डता को बनाए रखने के लिए हम सभी को कंधा से कंधा मिलाकर आज चलने की जरूरत है। और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए उनका निर्वहन करना चाहिए।

इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी शहीदों को याद करते हुए अपने विचारों को रखा और अपने कला की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में डॉ. आशा अम्भईकर ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाए देते हुए, उनका धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम के अंतिम में मिष्ठान वितरण किया गया।

पैनासोनिक ने विद्यार्थियों के लिए लांच किये दो प्लेटफार्म

नई दिल्ली (वार्ता)। पैनासोनिक इंडिया ने विद्यार्थियों को कुशल बनाकर उन्हें भविष्य का बेहतर कार्यबल तैयार करने के लिए मंगलवार को शिक्षा आधारित दो प्लेटफर्म करियरेक्स और एक्सेलइट लॉंच करने की घोषणा की। पैनासोनिक इंडिया इनोवेशन सेंटर के प्रमुख अत्सुशी मोतोया ने इस अवसर पर कहा कि करियरेक्स कालेज एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह उन्हें डेटा साइंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि का कौशल प्रदान करेगा। एक्सेलइट खासकर छोटे एवं मध्यम श्रेणी के शहरों में रहने वाले स्कूली विद्यार्थियों के लिए डिजाइन एवं विकसित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यह इनोवेटिव एडटेक युवाओं की बेरोजगारी दूर करने में सहायक बनेगा और संबंधित उद्योगों की मांग पूरी करेगा। अगले पांच वर्षों में इन प्लेटफर्म के जरिए एक लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। पैनासोनिक इंडिया के व्यवसाय प्रमुख (सैन्यो एवं ई-कामर्स) ने इस मौके पर कहा कि देश डिजिटल रूप से तेजी से विकसित हो रहा है। व्यवसाय संचालन में बड़े परिवर्तन हो रहे हैं।

कोरबा पश्चिम विस्तार ताप विद्युत गृह को मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन, न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुवर न्यूनतम लाईन लॉस, हेतु क्रमशः सूरजपुर, कोण्डागांव एवं बीजापुर संभाग पुरस्कृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज द्वारा विद्युत विकास और उपभोक्ता सेवा में सतत् वृद्धि की जा रही है। इस हेतु विद्युत जनरेशन, पारेषण एवं डिस्ट्रीब्यूशन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज हुई है। प्रगति पथ पर आगे बढ़ते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्युत संयंत्रों एवं संभागों का वार्षिक मूल्यांकन कर पॉवर कम्पनीज प्रबंधन द्वारा उन्हें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत टीम को पॉवर कम्पनीज के चेयरमेन शैलेन्द्र शुक्ला ने पारितोशिक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। पुरस्कृत अधिकारियों को प्रबंध निदेषक अशोक कुमार, एन.के बिजौरा, डायरेक्टर एच.आर. नरवरे, जी.सी. मुखर्जी ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

पुरस्कार वितरण समारोह में होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक एच.के. पाण्डेय ने बताया कि कोरबा पश्चिम विस्तार ताप विद्युत परियोजना को सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह के लिये नकद तीन लाख रूपये का पारितोषिक प्रदान किया गया। इसी तरह सूरजपुर संभाग को सर्वोत्तम राजस्व प्रबंधन, संचारण एवं संधारण संभाग कोण्डागांव को न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर तथा संचारण-संधारण संभाग बीजापुर को न्यूनतम लाईन लॉस के लिये पुरस्कृत किया गया। इस हेतु प्रत्येक को 50-50 हजार रूपये का पारितोषिक प्रदान किया गया। उक्त पुरस्कार अतिरिक्त मुख्य अभियंता पंकज कोले, कार्यपालन अभियंता एच.के. मंगेषकर, पी.के.सोनी एवं पी.आर. साहू ने ग्रहण किया।

देश की सुरक्षा में सीमा पर तैनात जवानों के जज्बे को सलाम

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मनाया गया गणतंत्र दिवस

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डॉ. एच.एस. अग्रवाल, सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल (सेवानिवृत्त) एवं बैंक के महाप्रबंधक अतुल डी. करकरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सेना के अपने रोमांचित और शौर्यपूर्ण संस्मरण सुनाये साथ ही भारतीय सेना द्वारा विभिन्न देशों में चलाये जा रहे शांति कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए अपने राष्ट्र की महानता के विषय में बताया। उनके द्वारा प्रत्येक नागरिक को देश सेवा हेतु तत्पर रहने का आव्हान किया गया। महाप्रबंधक अतुल डी. करकरे नें पूरे देशवासियों को 71वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। साथ ही हमारी एवं देश की सुरक्षा में सीमा पर तैनात जवानों के जज्बे को सलाम किया। श्री करकरे नें अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले वर्ष से अभी तक हमारी बैंक द्वारा लगभग 50 सेना से रिटायर्ड जवानों को बैंक में भर्ती किया गया है जिसपर हमें गर्व है। श्री करकरे नें कहा हमारे बैंक का मुख्य उद्देश्य केवल व्यवसाय करना ही नहीं है बल्कि प्रदेश की आम जनता को सेवा प्रदान करना है। ग्राहक सेवा ही हमारी प्राथमिकता है।

इस अवसर पर बैंक में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतियोगियों को पुरूस्कार वितरण महाप्रबंधक अतुल डी. करकरे एवं मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबन्धकगण श्रीमति के. पदमिनी एवं पी. एल. मेश्राम की गरिमामयी उपस्थिति थी तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के कर्मचारी/अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सफल संचालन एस.एन. शुक्ला, एस. एन. बाजपेयी, स्वाति परगनिहा, चरणजीत सिंह एवं आरती कुरिल द्वारा किया गया।

2020 फोर्ड इकोस्पोर्ट बीएस 6श्रृंखला डीजल और पेट्रोल इंजिन्स में लांच

नई दिल्ली। फोर्ड इंडिया ने अपडेटेड भारत स्टेज 6 एमिषन नियमों का पालन करने वाले पेट्रोल एवं डीज़ल इंजन के साथ 2020 फोर्ड ईकोस्पोर्ट क्रमशः 804,000 रु. एवं 854,000 रु. के आकर्षक शुरुआती मूल्य पर प्रस्तुत की। 2020 ईकोस्पोर्ट फोर्ड के फन-टू-ड्राईव डीएनए का पालन करती है और शक्तिशाली, कैपेबल एवं श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेट्रोल एवं डीज़ल इंजन के विकल्प प्रदान करती है। विनय रैना, एक्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, मार्केटिंग, सेल्स एवं सर्विस, फोर्ड इंडिया ने कहा, फोर्ड हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्पाद व सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। हमारे सर्वश्रेष्ठ डीज़ल इंजन लगभग उसी मूल्य में प्रदान करना इसका एक उदाहरण है। उन्होंने कहा, अपनी पूरी श्रृंखला जारी रखते हुए फोर्ड ईकोस्पार्ट कॉम्पैक्ट एसयूवी पसंद करने वाले ग्राहकों की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए सबका पसंदीदा वाहन होगा। 2020 ईकोस्पोर्ट फोर्ड का भरोसेमंद एवं विश्वसनीय बीएस6 अनुपालन करने वाला 1.5 ली टीडीसीआई डीज़ल इंजन प्रस्तुत करता है, जो 100पीएस की जबरदस्त शक्ति एवं 215 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। यह डीज़ल इंजन पाँच स्पीड मैन्युअल ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है। इस श्रृंखला में फोर्ड का लेटेस्ट तीन सिलेंडर 1.5 लीटर टीआई-वीसीटी पेट्रोल इंजन शामिल है, जो सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 122 पीएस शक्ति एवं 149 एनएम टॉर्क प्रदान करता है।

प्रोत्साहन आधारित स्क्रैपेज नीति बने : सियाम

नई दिल्ली (वार्ता)। वाहनों की बिक्री में भारी कमी आने से परेशान भारतीय ऑटो उद्योग ने बीएस-6 मानक वाहनों के लिए जीएसटी को कम कर 18 फीसदी करने के साथ ही प्रोत्साहन आधारित स्क्रैपेज नीति बनाने की अपील है। वाहन निर्माताओं के शीर्ष संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष राजन वढ़ेरा ने वित्त मंत्रालय से प्रोत्साहन आधारित स्क्रैपेज नीति बनाने की अपील की गयी है। इसके साथ ही राज्य परिवहन निगमों द्वारा पारंपरिक इंजन वाली बसों की खरीद के लिए आवंटन बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीएस-6 मानक को अपनाये जाने से माँग प्रभावित होने की आशंका है।

सोना 100 रुपये सस्ता, चांदी महंगी

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में नरमी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 100 रुपये फिसलकर 41,770 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। लगातार चार दिन की तेजी के बाद सोने के भाव टूटे हैं। वहीं, चाँदी की चमक लगातार पाँचवें दिन बढ़ी। यह 60 रुपये चढ़कर 08 जनवरी के बाद के उच्चतम स्तर 48,550 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। चाँदी के भाव पाँच दिन में 1,350 रुपये बढ़ चुके हैं।

लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 2.20 डॉलर लुढ़ककर 1,578.60 डॉलर प्रति औंस रह गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा भी 1.50 डॉलर की बढ़त में 1,578.90 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बाजार विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत दरों पर होने वाली बैठक से पहले निवेशकों की सतर्कता के कारण पीली धातु दबाव में आयी है। फेड की दो दिवसीय बैठक 29 जनवरी को समाप्त होगी जिसके बाद मौद्रिक नीति पर बयान जारी किया जायेगा। विश्लेषकों का कहना है कि नोवेल कोरोना वायरस के बढ़ते के मामलों के कारण सोने को समर्थन मिल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 18.02 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी।

मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

मा. टी.एस. सिंहदेव
मंत्री पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य छ.ग.

मा. शिव कुमार डहरिया
मंत्री नगरीय प्रशासन छ.ग.

मा. चंद्रदेव राय
विधायक
बिलाईगढ़ (बलौदाबाजार)

मा. शकुंतला साहू
विधायक
कसडोल (बलौदाबाजार)

जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलौदाबाजार

कार्यपालन अभियंता- एन्थोनी तिर्की जी
कार्यपालन एवं समस्त स्टाफ-कर्मचारीगण

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपखण्ड- बलौदाबाजार, जिला- बलौदाबाजार
सहायक अभियंता- डी.एन. कोसले जी एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपखण्ड- कसडोल (जि.-बलौदाबाजार)
प्र. सहायक अभियंता- अरुण कुरवंशी जी, समस्त स्टाफ-कर्मीगण

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपखण्ड- बिलाईगढ़ (जि.-बलौदाबाजार)
प्र. सहायक अभियंता- ढोन्ढे जी, शेख जी, समस्त स्टाफ-कर्मीगण

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपखण्ड- पलारी (जि.-बलौदाबाजार)
प्र. सहायक अभियंता- रामकृष्ण राठौर जी, समस्त स्टाफ-कर्मीगण

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा- भाटापारा (जि.-बलौदाबाजार)
प्र. सहायक अभियंता- शेख जी एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण

मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

मा. शिव कुमार डहरिया
मंत्री नगरीय प्रशासन छ.ग.

मा. अनिला भेंडिया जी
मंत्री महिला बाल विकास विभाग, छ.ग.

मा. चंद्रदेव राय
विधायक
बिलाईगढ़ (बलौदाबाजार)

मा. शकुंतला साहू
विधायक
कसडोल (बलौदाबाजार)

जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

महिला बाल विकास विभाग

जिला- बलौदाबाजार, भाटापारा

जिला कार्यक्रम अधिकारी- संजुला शर्मा
जिला महिला विकास अधिकारी- आदित्य शर्मा
समस्त स्टाफ -कर्मचारीगण

एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- बलौदाबाजार, जिला- बलौदाबाजार
परियोजना अधिकारी- श्रीमती मुन्नी पंत एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण
एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- लवन, जिला- बलौदाबाजार
परियोजना अधिकारी- जया पटेल एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण
एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- कसडोल, जिला- बलौदाबाजार
(प्रभारी) परियोजना अधिकारी- जया पटेल एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण
एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- पलारी, जिला- बलौदाबाजार
परियोजना अधिकारी- श्रीमती मुन्नी पंत एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण
एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- बिलाईगढ़, जिला- बलौदाबाजार
परियोजना अधिकारी- आदित्य शर्मा एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण
एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार
परियोजना अधिकारी- श्री शेख जी एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण
एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- सिमगा, जिला- बलौदाबाजार
परियोजना अधिकारी- श्री शेख जी एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण
एकीकृत महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय- सोनाखान (कसडोल), जिला- बलौदाबाजार
परियोजना अधिकारी- आदित्य शर्मा एवं समस्त स्टाफ-कर्मीगण

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

मा. भूपेश बघेल जी – मुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी – मंत्री, छ.ग. शासन
मा. शिव डहरिया जी – मंत्री, छ.ग. शासन
मा. चंद्रदेव राय जी – विधायक, बिलाईगढ़
मा. शकुंतला साहू – विधायक, कसडोल

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
संभाग-बलौदाबाजार

पी.के. गुप्ता जी
कार्यपालन अभियंता

एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी गण, जिला-बलौदाबाजार

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

मा. भूपेश बघेल जी – मुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी – मंत्री, छ.ग. शासन
मा. शिव डहरिया जी – मंत्री, छ.ग. शासन
मा. चंद्रदेव राय जी – विधायक, बिलाईगढ़
मा. शकुंतला साहू – विधायक, कसडोल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
संभाग–बलौदाबाजार

एस.एन. पांडे जी
कार्यपालन अभियंता

एवं समस्त स्टाफगण जिला–बलौदाबाजार

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

मा. भूपेश बघेल जी – मुख्यमंत्री
मा. टी.एस. सिंहदेव जी – मंत्री, छ.ग. शासन
मा. शिव डहरिया जी – मंत्री, छ.ग. शासन
मा. चंद्रदेव राय जी – विधायक, बिलाईगढ़
मा. शकुंतला साहू – विधायक, कसडोल

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क
संभाग बलौदाबाजार

अखिलेश तिवारी जी
कार्यपालन अभियंता

एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी गण, जिला–बलौदाबाजार

टीप : हम रोड बनवाते ही नहीं, उसकी गुणवत्ता का भी ख्याल रखते हैं।

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

उप खण्ड-बलौदाबाजार, जिला-ब.बा.-भाटापारा
(प्र.) सहायक अभियंता- आर.के. ध्रुव एवं समस्त स्टाफगण
उप खण्ड-भाटापारा, जिला–ब.बा.–भाटापारा
उप खण्ड-कसडोल, जिला–ब.बा.–भाटापारा
उप खण्ड-बिलाईगढ़, जिला–ब.बा.–भाटापारा

समस्त अधिकारी, कर्मचारी व समस्त ठेकेदार, जिला–बलौदाबाजार

टीपः पानी व्यर्थ न बहाएं,जल ही जीवन हैं, जल का सदुपयोग करें।

संकलनकर्ता :– धनीराम साहू, जिला–बलौदाबाजार, मो.–9575838192

■ न्यूज गैलरी

हरियाणा कैडेट राष्ट्रीय कुश्ती के तीनों वर्गों में बना चैंपियन

पटना (वार्ता)। देश में कुश्ती के सबसे ताकतवर राज्य हरियाणा ने यहां आयोजित कैडेट राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पुरुष ग्रीको रोमन और फ्री स्टाइल तथा महिला वर्ग तीनों में टीम चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। ग्रीको रोमन ने हरियाणा ने 190 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया जबकि दिल्ली 181 अंकों के साथ दूसरे और पंजाब 104 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में हरियाणा 215 अंकों के साथ पहले, महाराष्ट्र 173 अंकों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 119 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। फ्रीस्टाइल में हरियाणा 210 अंकों के साथ पहले, दिल्ली 170 अंकों के साथ दूसरे और महाराष्ट्र 138 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। अगली प्रतियोगिता जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी जिसका आयोजन 4 से 6 मार्च तक हिमाचल प्रदेश के मंडी में होगा।

स्टुअर्ट ब्रॉड पर जुर्माना

जोहानसबर्ग (वार्ता)। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका से चौथा और अंतिम टेस्ट 191 रन से जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली लेकिन इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डू प्लेसिस से उलझने पर मैच फीस के 15 फीसदी का जुर्माना लगाया गया है। आखिरी टेस्ट मैच सोमवार को खत्म हुआ, जिसे इंग्लैंड ने चौथे दिन ही अपने नाम कर लिया। इस दौरान स्टुअर्ट ब्रॉड और फाफ डू प्लेसिस के बीच कुछ कहासुनी भी हो गई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस घटना के लिए ब्रॉड पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जुड़ गया है। ब्रॉड के खाते में पिछले 24 महीने में दो डिमेरिट अंक जुड़ चुके हैं और अगर यह चार तक पहुंच जाते हैं तो उन्हें एक मैच का निलंबन झेलना होगा।

दक्षिण अफ्रीका पर 60 फीसदी जुर्माना

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड से चार टेस्ट मैचों की सीरीज 1-2 से हारने के साथ चौथे टेस्ट में धीमे ओवर रेट के लिए आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में छह अंकों का नुकसान हुआ है और साथ ही उस पर 60 फीसदी मैच फीस का भी जुर्माना लगाया गया है।

दक्षिण अफ्रीका इस तरह आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में पहली ऐसी टीम बन गयी है जिसके धीमे ओवर रेट के कारण अंक काटे गए हैं। दक्षिण अफ्रीका को इस सीरीज में एक टेस्ट जीतने से 30 अंक मिले थे लेकिन छह अंक काट जाने के कारण उसके अब 24 अंक रह गए हैं और वह तालिका में सातवें स्थान पर है। वांडरर्स में धीमे ओवर रेट के कारण दक्षिण अफ्रीका पर मैच फीस के 60 फीसदी का जुर्माना भी लगा है।

सुपर-सब बलवंत सिंह ने एटीके को शीर्ष स्थान पर पहुंचाया

कोलकाता (वार्ता)। निर्धारित 90 मिनट तक दर्जनों बार प्रयास करने के बावजूद गोल नहीं कर पाने वाली दो बार की चैम्पियन और मेजबान एटीके ने अंततः स्टापेज टाइम के अंतिम मिनट में बलवंत सिंह के गोल की मदद से नार्थईस्ट युनाइटेड एफसी को 1-0 से हराते हुए हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन की अंक तालिका में एक बार फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया है। साल्ट लेक स्टेडियम में सोमवार रात खेले गए इस मैच में बलवंत द्वारा 94वें मिनट में किए गए संजीवनी सरीखे गोल के बाद अब एटीके के 27 अंक हो गए हैं। एफसी गोवा के भी इतने ही अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर ने एटीके को पहले स्थान पर पहुंचा दिया है। दुर्भाग्य ने फिर हाईलैंडर्स का साथ नहीं छोड़ा और गोल न खाने के तमाम प्रयासों के बावजूद वह सीजन की पांचवीं हार को मजबूर हुई। यह टीम 11 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है। पहला हाफ गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। तीन अंक लेकर फिर से टाप पर पहुंचने को आतुर मेजबान टीम का इस हाफ में वर्चस्व रहा और इस हाफ का सबसे बड़ा और करीब मौका 39वें मिनट में देखने को मिला जब दो बार के चैम्पियन एटीके के कप्तान और फिजियन स्ट्राइकर राय कृष्णा हाईलैंडर्स के गोलकीपर सुभाशीष राय के साथ वन-आन-वन थे लेकिन इस प्रतिस्पर्धा में जीत सुभाशीष की हुई। नार्थईस्ट युनाइटेड की टीम ने भी अच्छा खेल दिखाया लेकिन उसका दमखम टुकड़ों में दिखा और वह एटीक के गोलकीपर अरिंदम भट्टाचार्य की जमकर परीक्षा नहीं ले सकी। हमले की शुरुआत एटीके की ओर से प्रबीर दास ने की। चौथे और सातवें मिनट में दास ने दो हमले किए लेकिन वे नाकाम रहे। इसी तरह विक्टर मोंगिल ने 10वें मिनट में एटीके के लिए एक और प्रयास किया लेकिन वह भी नाकाम रहे। 12वें मिनट में एटीके के कृष्णा गोल करने के काफी करीब थे लेकिन हीरिंग्स काई ने स्लाइड करते हुए बाक्स के मध्य से गेंद को क्लीयर कर दिया। 13वें मिनट में हाईलैंडर्स ने एक हमला किया लेकिन एंड्रयू कोह के प्रयास को अगस्टीन इनीग्वेज ने नाकाम कर दिया।

भारत बनाम न्यूजीलैंड | शार्दुल ठाकुर की जगह नवदीप सैनी की गति को मिल सकती है प्राथमिकता

इतिहास बनाने उतरेगी टीम इंडिया

विराट कोहली की टीम इंडिया मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफबुधवार को होने वाले तीसरे टी-20 मुकाबले में इतिहास बनाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। यदि भारतीय टीम तीसरा मैच जीतती है तो यह पहली बार होगा जब टीम इंडिया न्यूजीलैंड की जमीन पर टी-20 सीरीज जीतेगी।

हैमिलटन (वार्ता)। भारत ने पहले दो मैच आसानी से जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है जबकि मेजबान टीम अपने मैदान में खेलने के बावजूद खेल के हर विभाग में उखड़ी नजर आ रही है। न्यूजीलैंड ने पहले मैच में 203 का स्कोर बनाया लेकिन उसके गेंदबाज उसका बचाव नहीं कर पाए जबकी दूसरे मैच में उसका स्कोर इतना छोटा था कि उसके गेंदबाजों के पास बचाव करने के लिए कुछ नहीं बचा था।

मौजूदा फॉर्म के हिसाब से देखा जाए तो भारतीय टीम लगातार पांच टी-20 मैच जीत चुकी है और इस सीरीज में तीन मैच शेष रहते उसके पास न्यूजीलैंड में पहली बार टी-20 सीरीज जीतने का शानदार मौका है। भारतीय टीम इससे पहले दो अवसरों पर कीवी जमीन पर टी-20 सीरीज नहीं जीत पायी है।

यह टी-20 विश्व कप का वर्ष है और पांच मैचों की सीरीज में दोनों टीमों के पास विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका मिलेगा। हालांकि मौजूदा कीवी टीम के पास उसके पहले पंसदीदा खिलाड़ी नहीं है लेकिन आकलैंड में खेले गए पहले दो मैचों में उसके खिलाड़ियों ने मौकों का फायदा नहीं उठाया।

न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच मैचों में चार मैच गंवाए हैं जबकि भारत ने अपने पिछले पांचों मैच जीते हैं। मेजबान टीम के चौथे नंबर के बल्लेबाज कॉलिन डी ग्रैंडहोम अभी तक फ्लॉप साबित हुए हैं और दो मैचों में 0 और 3 रन ही बना पाए हैं। ग्रैंडहोम का गेंदबाजी में इस्तेमाल नहीं हुआ है और मेजबान टीम चाहेगी कि ग्रैंडहोम बल्लेबाजी में अपना जलवा दिखाएं। भारतीय बल्लेबाजी में ओपनर रोहित शर्मा दोनों मैचों में सस्ते में आउट हुए हैं जबकि घरेलू सत्र में उन्होंने काफी शानदार प्रदर्शन किया था। भारत की दोनों जीत में रोहित की फॉर्म ही एकमात्र चिंता की बात है। न्यूजीलैंड के पास बेंच पर विकल्प के रूप तेज गेंदबाजी आलराउंडर डैरिल मिशेल और स्कॉट कुगेलजिन हैं।

विश्व कप के लिए टीम तैयार: विक्रम राठौड़

हैमिल्टन। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेटरों की नई पीढ़ी को 'अविश्वसनीय' करार दिया और कहा कि टीम प्रबंधन अक्टूबर नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अहम खिलाड़ियों की पहचान कर चुका है। राठौड़ भारत और न्यू जीलैंड के बीच बुधवार को सेडन पार्क में होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर बात कर रहे थे। भारत सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा है। सभी कॉमेंट्स देखैंअपना कॉमेंट लिखेंराठौड़ ने कहा, 'आखिरी क्षणों तक समायोजन जारी रहेगा लेकिन जहां तक मेरी और टीम प्रबंधन की बात है तो हमने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की पहचान कर ली है। हम जानते हैं कि हमारी टीम कैसी होगी। अगर चोट या बेहद खराब फॉर्म का मामला नहीं होता तो मुझे नहीं लगता कि बहुत अधिक बदलाव होंगे।' ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप ध्यान में रखते हुए भारत ने पिछले साल सितंबर से ही प्रयोग शुरू कर दिए थे और उसने श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, दीपक चाहर और शिवम दुबे जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका दिए। टी20 टीम न्यू जीलैंड में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और युवा खिलाड़ी सफलता में अहम योगदान दे रहे है जिससे बल्लेबाजी कोच काफी प्रभावित हैं। राठौड़ ने कहा, 'क्रिकेटरों की यह नई पीढ़ी अविश्वसनीय है। वे जिस तरह से तुरंत सामंजस्य बिठाते हैं वह वास्तव में हैरानी भरा है। वे वास्तव में अलग प्रारूप, अलग मैदानों और अलग देशों में उतरते ही अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं। यहां न्यू जीलैंड में जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में परिस्थितियों से तालमेल बिठाया है वह वास्तव में लाजवाब है।' भारत ने केएल राहुल और अय्यर की शानदार फॉर्म के दम पर ऑकलैंड में पहले दोनों मैच जीते। बल्लेबाजी कोच ने संतोष जताया कि युवा बल्लेबाज टीम की सफलता में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इन खिलाड़ियों को जितने अधिक मौके मिल रहे हैं वे दिखा रहे है कि वे काबिल है।

पुणे ने बेंगलुरू को दी मात

लखनऊ (वार्ता)। बी साई प्रणीत और ताई जू यिंग के दमदार प्रदर्शन की मदद से पुणे 7 एसेस ने प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सीजन के रोमांचक मुकाबले मे बेंगलुरू रैप्टर्स को 4-3 से शिकस्त देकर अपने जीत के सिलसिले को बरकरार रखा।

बाबू बनारसी दास स्टेडियम में सोमवार को पहला मैच हार कर बेंगलुरू की टीम पीछे हो गई थी लेकिन प्रणीत और फिर यिंग ने अपने-अपने मैच जीत बेंगलुरू को 3-1 से आगे कर दिया। यहां मैच का रोमांच बाकी था क्योंकि फिर पुणे ने बाकी बचे दोनों मैच जीत मुकाबला अपने नाम किया। यह पुणे की दूसरी जीत है जबकि बेंगलुरू की लगातार तीसरी हार है।। काजुमासा सकई ने पुणे को विजयी शुरुआत दिलाई। पुरुष एकल वर्ग के दिन के पहले मैच में सकई ने बेंगलुरू के अंशल यादव को 15-14, 15-9 से हराकर पुणे को 1-0 से आगे कर

दिया। प्रणीत के ऊपर अगले मैच में अपनी टीम बेंगलुरू को वापसी कराने की जिम्मेदारी थी। पुणे ने प्रणीत के सामने कीन येव कीन को उतारा था। पहला गेम हारने के बाद भी प्रणीत ने यह मैच 10-15, 15-7, 15-8 से अपने नाम कर बेंगलुरू का खाता खोला और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। बाद में बेंगलुरू की स्टार खिलाड़ी और ट्रम्प मैच जू यिंग ने भारत की युवा रितुपर्णा दास को 15-3,15-9 से हरा कर 3-1 की बढ़त दिला दी। यिंग की जीत ने बेंगलुरू के खाते में दो अंक डाले। गौरतलब है कि पीबीएल में ट्रम्प मैच जीतने वाली टीम को दो अंक मिलते है जबकि जो टीम अपना ट्रम्प मैच हार जाती है उसे एक अंक का नुकसान उठाना होता है।

यिंग की मेहनत पर हालांकि हेंड्रा सेतियावान और चिराग शेट्टी की पुणे की जोड़ी ने पानी फेर दिया। पुरुष युगल के अगले मैच में पुणे की इस जोड़ी ने बेंगलुरू के अरुण जॉर्ज और रियानअगुंग सुपार्तो की जोड़ी को आसानी से 15-4, 15-3 से मात देकर स्कोर तीन-तीन से बराबर कर दिया। यह मैच पुणे का ट्रम्प मैच था जिसे जीतकर उसे दो अंक मिले थे और उसने स्कोर 3-3 से बराबर कर लिया था।

ऑस्ट्रेलिया को दी 234 की चुनौती

पोचेफस्ट्रूम (वार्ता)। यशस्वी जायसवाल (62) और अथर्व अंकोलेकर (नाबाद 55) के शानदार अर्धशतकों से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को 50 ओवर में नौ विकेट पर 233 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए खराब शुरुआत की और 54 रन तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। दिव्यांश सक्सेना 14, तिलक वर्मा दो और कप्तान प्रियम गर्ग पांच रन बनाकर आउट हो गए। जायसवाल 82 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर टीम के 104 के स्कोर पर आउट हो गए जिससे भारत को गहरा झटका लगा। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 15 रन बनाकर पांचवें बल्लेबाज के रूप में 114 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए।

फेडरर सात मैच प्वाइंट से सेमीफाइनल में, जोकोविच से होगा मुकाबला

मेलबर्न। स्विटजरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर चमत्कार में विश्वास करते हैं और ऐसा ही चमत्कार उन्होंने मंगलवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन में दिखाया जब इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने सात मैच प्वाइंट बचाकर वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनायी जहां उनका सामना गतविजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा। छह बार के चैंपियन फेडरर ने चौथे सेट में 4-5 के स्कोर पर तीन और फिर टाईब्रेकर में चार मैच प्वाइंट बचाये करारे शॉट जमाने में माहिर और कोर्ट पर चपल टैनिस सैंडग्रेन को पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-3, 2-6, 2-6, 7-6 (10-8), 6-3 से हराया। फेडरर की जीत की भूख अब भी पहले की तरह बरकरार है और उन्होंने समय समय पर इसे जाहिर किया था। अपने से दस साल छोटे और 100वीं रैंकिंग के अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ भी उन्होंने अपने जोश, जज्बे और भरोसे को दिखाकर यादगार वापसी की और 15वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में प्रवेश किया जहां उनका सामना नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा के मिलोस राओनिच को शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के इस खिलाड़ी ने बड़े सर्विस करने के लिए जाने जाने वाले राओनिच को 6-4, 6-3, 7-6 से हराकर अपने आठवें आस्ट्रेलियाई ओपन और 17वें ग्रैंड स्लैम की तरफकदम बढाया।

फेरबदल | टूर्नामेंट मात्र दो महीना दूर है लेकिन आईपीएल ने इसका कार्यक्रम घोषित नहीं किया

आल स्टार मैच की एक टीम में होंगे विराट, रोहित और धोनी

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के 2020 के सत्र के शुरू होने से पहले एक आल स्टार मैच खेला जाएगा जिसमें सभी आठ फ्रैंचाइज़ी टीमों के खिलाड़ी शामिल होंगे।

नई दिल्ली (वार्ता)। आईपीएल के इतिहास में यह पहला मौका है जब इस तरह का आल स्टार मैच खेला जाएगा। यह मैच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से तीन दिन पहले खेला जाएगा। यह मैच 29 मार्च को खेला जाएगा हालांकि इसके लिए अभी स्थल की घोषणा नहीं की गयी है। टूर्नामेंट का उद्घाटन और आईपीएल फाइनल मुंबई में ही खेले जाएंगे जो गत चैंपियन मुंबई इंडियंस का घरेलू मैदान है। आल स्टार मैच के लिए दोनों टीमों में आठ फ्रैंचाइज़ी टीमों के खिलाड़ी शामिल होंगे। एक टीम में उत्तर और पूर्व की फ्रैंचाइज़ी किंग्स इलेवन पंजाब, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाड़ी शामिल होंगे जबकि दूसरी टीम में दक्षिण और पश्चिम की फ्रैंचाइज़ी चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस आधार पर देखा जाए तो दक्षिण और पश्चिम की आल स्टार टीम में चार बार के चैंपियन कप्तान मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा, तीन बार की चैंपियन चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और भारतीय कप्तान बेंगलुरु के विराट कोहली शामिल हो सकते हैं। इस टीम का कप्तान बनाने के लिए इन तीन दिग्गजों में होड़ रहेगी। समझा जाता है कि इस आल स्टार मैच की परिकल्पना बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली और आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष बृजेश पटेल की देन है जो दिल्ली में सोमवार को हुई संचालन परिषद की बैठक में मौजूद थे। बैठक में मैचों को शुरू करने के समय को आधा घंटा पहले लाने पर चर्चा हुई लेकिन फ्रैंचाइज़ी ओस के कारण मैचों का समय बदलने को लेकर तैयार नहीं हुईं। टूर्नामेंट में केवल चार डबल हैडर (एक दिन में दोपहर और रात का मैच) होंगे। टूर्नामेंट मात्र दो महीना दूर है लेकिन आईपीएल ने इसका कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। बीसीसीआई अधिकारियों ने विलम्ब का कारण तो नहीं बताया लेकिन समझा जाता है है कि यह इस सप्ताह बाद में जारी हो जाएगा। आईपीएल के साथ-साथ महिला टी-20 टूर्नामेंट होगा और इसमें इस बार चौथी टीम जोड़ी गयी है। महिला टूर्नामेंट में फाइनल सहित सात मैच होंगे।

दिल्ली-बंगाल में पहली पारी की बढ़त के लिए जंग

कोलकाता (वार्ता)। बंगाल और दिल्ली के बीच रणजी ट्रॉफी ए और बी ग्रुप मुकाबले में पहली पारी में बढ़त हासिल करने के लिए जंग छिड़ गयी है और दिल्ली ने बंगाल के 318 रन के जवाब में मंगलवार को दूसरे दिन स्टंप्स तक छह विकेट खोकर 192 रन बना लिए हैं। ईडन गार्डन मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में दिल्ली अभी पहली पारी में 126 रन पीछे है और उसके चार विकेट बाकी हैं। दिल्ली के लिए कप्तान ध्रुव शौरी ने 129 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 65 रन की सर्वाधिक पारी खेली। कुणाल चंदेला (9) का विकेट मात्र 19 के स्कोर पर गिरने के बाद शौरी ने हितेन दलाल के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 और नीतीश राणा के साथ तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। हितेन दलाल ने 78 गेंदों में सात चौकों की मदद से 47 रन और राणा ने 68 गेंदों में दो चौकों के सहारे 24 रन बनाये। शौरी चौथे बल्लेबाज के रूप में 151 के स्कोर पर आउट हुए। दिल्ली स्टंप्स के करीब एक समय चार विकेट पर 192 रन बनाकर सुखद स्थिति में थी लेकिन शाहबाज अहमद ने लगातार गेंदों पर क्षितिज शर्मा और सिमरजीत सिंह के विकेट लेकर दिल्ली को संकट में डाल दिया। स्टंप्स पर जोंटी सिद्धू 63 गेंदों में पांच चौकों के सहारे 32 रन बनाकर क्रीज पर थे। बंगाल की तरफ से मुकेश कुमार, नीलकांता दास और शाहबाज ने 2-2 विकेट लिए। इससे पहले बंगाल ने पांच विकेट पर 286 रन से आगे खेलना शुरू किया।

आपकी सरकार
आपका बजट
आपकी भागीदारी

प्रिय बहनों और भाइयों,

हमारी सरकार ने विरासत में मिली समस्याओं और सीमित संसाधनों के बावजूद बीते एक साल में छत्तीसगढ़ में जन-जन के विकास और खुशहाली का रास्ता बनाया। जन विकास और जन विश्वास से हमने ''गढ़बो नवा छत्तीसगढ़'' का अभियान शुरू किया जिसे आप लोगो का भरपूर समर्थन और सक्रिय सहयोग मिला।

अब हम नये वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए राज्य का नया बजट बनाने जा रहे हैं।

हम चाहते हैं कि आपकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बनाये जाने वाले बजट में आपकी भागीदारी हो। कृपया अपने सुझाव देकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कृपया आप अपने सुझाव **bhagidaribudget2020@gmail.com** अथवा व्हाट्सएप नंबर - 7440413604 पर दे सकते हैं।

आइये, छत्तीसगढ़ की नये साल की सबसे बड़ी वित्तीय प्रबंधन और नियोजन की प्रक्रिया का हिस्सा बनने का आमंत्रण स्वीकार कीजिए।



छत्तीसगढ़ शासन

आपका,

(भूपेश बघेल)
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन के जनवरी अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्कैन करें।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद/आर.ओ. 24071/1